डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा:-रोमांच पर भारी भव्यता कैसी है अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की वेब सीरीज

वर्ष -08 अंक -295 | प्रयागराज ,शनिवार, 18, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि के अवसर पर देश में धूम

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर लोगों को बधाई दी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने ट्वीट किया, ठमहाशिवरात्रि के विशेष अवसर पर सभी को बधाई। हर हर महादेव वहीं, शिवरात्रि



के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी ट्वीट कर लोगों को बधाई दी। उन्होंने लिखा, सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं। देवाधिदेव महादेव सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। ओम नमः शिवाय भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने भी देशवासियों को ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने कहा, ठमंदार माला कलितालके, कपालमलंगित सुंदराय। दिव्याम्बरायै च दिगंबराय, नमः शिवायै च नमः शिवाय। समस्त देशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि महादेव का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे।

### विदेश मंत्री का जॉर्ज सोरोस को करारा जवाब, बोले- वह गलत विचारों वाले व्यक्ति

नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। केंद्र सरकार पर निशाना साधने वाले अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। भाजपा के अलावा कांग्रेस ने भी उन पर हमला बोला है। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस की आलोचना की है। जयशंकर ने कहा कि सोरोस न्यूयॉर्क में



बैठे एक पुराने, अमीर और गलत विचारों वाले व्यक्ति हैं, जो अभी भी ये सोचते हैं कि पूरी दुनिया को उनके हिसाब से काम करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए जयशंकर ने कहा कि सोरोस जैसे लोग वास्तव में कथाओं को आकार देने में संसाधनों का निवेश करते हैं। उन्होंने कहा, ठसोरोस जैसे लोगों को लगता है जिस व्यक्ति को वो देखना चाहते हैं और वह जीत जाता है तो उनके लिए चुनाव अच्छा है। अगर चुनाव का नतीजा कुछ और होता है तो वह लोकतंत्र को दोषपूर्ण कहेंगे। जयशंकर ने आगे कहा कि जब मैं अपने स्वयं के लोकतंत्र को देखता हूं, तो आज मैं एक मतदाता हूं। ये अभूतपूर्व है। चुनावी परिणाम जो निर्णायक हैं, चुनावी प्रक्रिया जिस पर सवाल नहीं उठाया जाता है। हम उन देशों में से नहीं हैं जहां चुनाव के बाद कोई अदालत में मध्यस्थता करने जाता है। अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस ने मोदी सरकार को लेकर टिप्पणी की थी। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में जॉर्ज ने हिंडनबर्ग की अदाणी ग्रुप पर रिपोर्ट के जरिए मोदी सरकार के पतन की भविष्यवाणी की थी।

## पूर्व सीजेआई यूयू ललित ने कॉलेजियम प्रणाली का किया समर्थन, बोले- इससे बेहतर कुछ भी नहीं

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल उठा रही है। मगर, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (ण्व्) यू यू ललित ने शनिवार को इसका समर्थ किया। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम प्रणाली से बेहतर कुछ भी नहीं है। वह न्यायिक नियुक्तियों और सुधारों पर एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।शरद पवार ने कांग्रेस के सिंबल दो बैलों को हाथ के साथ बदलने की याद दिलाई और कहा कि लोग उद्धव ठाकरे गुट के नए सिंबल को उसी तरह स्वीकार करेंगे जैसे उन्होंने कांग्रेस के नए सिंबल को स्वीकार किया था। शरद पवार ने कहा कि मुझे याद है कि इंदिरा गांधी को भी इस स्थिति का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के पास 'योक के साथ दो बैल' का प्रतीक हुआ करता था। बाद में उन्होंने इसे खो दिया और 'हाथ' को एक नए प्रतीक के रूप में अपनाया और लोगों ने इसे स्वीकार कर लिया। इसी तरह, लोग उद्धव ठाकरे गुट के नए प्रतीक को स्वीकार करेंगे। बता दें कि शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट को एक बड़ा झटका देते हुए इलेक्शन कमीशन ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नाम शिवसेना और चुनाव चिह्न धनुष और तीर आवंटित किया है।



## महाशिवरात्रि मनाने मदुरै पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कई बड़े कार्यक्रमों में होंगी शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मदुरै (तमिलनाडु)।** कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति




द्रौपदी मुर्मू तमिलनाडु के मदुरै पहुंची। इससे पहले, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने मदुरै हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हार्दिक स्वागत किया। बता दें कि राष्ट्रपति आज से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति मुर्मू के दो दिवसीय दौरे पर तमिलनाडु के राज्यपाल रवींद्र नारायण रवि ने भी खुशी जताई। तमिलनाडु राजभवन ने ट्वीटर पर लिखा, 'तमिलनाडु के लोगों और राज्यपाल रवि की ओर से, संतों की इस आध्यात्मिक भूमि की अपनी पहली यात्रा पर हमारे माननीय राष्ट्रपति का हार्दिक स्वागत करते हैं।78वें स्टाफ कोर्स के सदस्यों को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू 19 फरवरी को, वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज का दौरा करेंगी और 78वें स्टाफ कोर्स के सदस्यों को संबोधित करेंगी।

## कार पार्किंग को लेकर दो गुटों में विवाद, 2 युवकों की चाकू से हत्या कर फरार हुए आरोपी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। मैच देखने आए कुछ लोगों ने दो युवकों को चाकू मारकर उनकी जान ले ली। ये घयना डोड्डाबेलवांगला के बढ़ गया कि चार आरोपियों ने चाकू से वार कर दो युवकों की जान ले ली।पुलिस ने बताया कि आरोपी क्रिकेट मैच देखने आए थे। वे अपना वाहन मैदान में खड़ा करने की कोशिश कर रहे थे, तभी कुछ दर्शकों और आयोजकों ने




कर्नाटक पब्लिक स्कूल मैदान की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की पहचान इंजीनियरिंग ग्रेजुएट भरत कुमार (23) और छात्र प्रतीक (17) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्लेग्राउंड के अंदर वाहन की पार्किंग को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया था। विवाद इतना इसका विरोध किया। कहासुनी बढ़ने पर आरोपियों और उनकी कार पर हमला कर दिया गया। पुलिस ने आगे बताया कि उस दौरान आरोपी घटनास्थल से भाग गए थे। बाद में आरोपियों ने भरत और प्रतीक को बस स्टॉप पर रोका। दोनों अपनी बस का इंतजार कर रहे थे।

## एक बार फिर रची गई विधायक जीवन रेड्डी की हत्या की साजिश, आरोपी के घर से विस्फोटक बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)

**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में पुलिस ने एक घर से विस्फोटक सामग्री जब्त की है। जिसमें सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एक विधायक की हत्या की साजिश रचने का संदेह



है। पुलिस ने महिला, बोंटा सुगुना के घर से जिलेटिन की 95 छड़ें और 10 डिटेनेटर जब्त किए गए। उसे पहले भी हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। महिला के घर से बरामद हुए विस्फोटक निजामाबाद जिले के अरमूर निर्वाचन क्षेत्र से तेलंगाना विधानसभा के सदस्य जीवन रेड्डी की हत्या करने की साजिश रची थी। निजामाबाद शहर के बाहरी इलाके कांतेश्वर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सुगुना के घर से विस्फोटक जब्त किए गए। पुलिस ने सुगुना को गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं पुलिस को पूछताछ में पता चला कि पी.प्रसाद गौड़ नाम का आरोपी भी इस साजिश में शामिल है। हालांकि वह एक अन्य मामले में जेल में है।8 अगस्त, 2022 को प्रसाद गौड़ को गिरफ्तार किया गया था, जब उसने हैदराबाद के बंजारा हिल्स में विधायक के घर में घुसकर उन पर कथित रूप से बंदूक तान दी थी। आरोपी को देखते ही जीवन रेड्डी ने अपने कर्मचारियों को सतर्क करने के लिए चिल्लाया और आरोपी वहां से भाग गया। बाद में उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने उसके पास से एक देसी बंदूक, एक एयर पिस्टल और एक बटन चाकू भी बरामद किए थे। विधायक को मारने की योजना को अंजाम देने के लिए कथित रूप से प्रसाद गौड़ की मदद करने के आरोप में पुलिस ने सगुना समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया था। विश्वसनीय जानकारी के बाद कि आरोपी फिर से विधायक की हत्या की साजिश रच रहे हैं, पुलिस ने सुगुना के घर की तलाशी ली और विस्फोटक जब्त किए। उसने पुलिस को बताया कि प्रसाद गौड ने 9 जनवरी को उसके घर जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर भेजे थे पुलिस के मुताबिक प्रसाद गौड़ और सुगुना विधायक के द्वारा उन्हें जेल भेजने का बदला लेना चाहते थे।

## 'मेघालय में दो परिवारों का कई वर्षों तक रहा राज', अमित शाह बोले- संगमा ने गारो हिल्स का नहीं किया विकास

(आधुनिक समाचार सेवा)

**शिलांग।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मेघालय के दालु में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुकुल भाजपा सरकार बनाने का समय आ गया। इसी बीच अमित शाह ने असम में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि असम जाकर देखिए और समझिए दो, सारी की सारी सुविधाएं आप तक पहुंच जाएंगी। बता दें कि मेघालय में 27 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में तमाम राजनीतिक पार्टियों



संगमा और कोनराड संगमा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेघालय में कई वर्षों से दो परिवारों का राज रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि इन दोनों परिवारों ने प्रदेश के लिए कुछ नहीं किया बस भ्रष्टाचार कर मेघालय के गरीबों का पैसा खाया है। अब दोनों परिवारों से मेघालय को मुक्ति दिलाने का समय आ चुका है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली कि विकास क्या होता है। असम में विकास का हर पहलू देखा जा सकता है, चाहे वह सड़क हो, राशन हो, आवास की सुविधा हो, बिजली हो या पानी। अमित शाह ने कहा कि मोदी जी मेघालय के लिए पैसा भेजते हैं, लेकिन ये सुविधाएं आप तक नहीं पहुंचती, क्योंकि संगमा जी ने आप तक पहुंचने के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। एक बार सरकार बदल ने मतदाताओं को लुभाने के लिए जनसभाएं तेज कर दी हैं। इसी बीच अमित शाह ने कहा कि मुकुल संगमा और कोनराड संगमा ने गारो हिल्स के लोगों का वोट लेकर सरकार बनाई लेकिन गारो हिल्स का विकास नहीं किया। मेघालय के अंदर भ्रष्टाचार कम करने के लिए, विकास करने के लिए भाजपा की सरकार बननी चाहिए।

## कराची पुलिस मुख्यालय पर आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में रेड अलर्ट सुरक्षा स्थिति पर उठे सवाल

**इस्लामाबाद।** आर्थिक तंगी से परेशान पाकिस्तान की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। कराची पुलिस मुख्यालय पर हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की सुरक्षा स्थिति तत्काल प्रतिक्रिया क्षमताओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल, देश-विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए यात्रा परामर्श जारी करने और गई है। जानकारी के मुताबिक, राजधानी में अतिरिक्त सुरक्षा चौकियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा यहां आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहन जांच की जा रही है। इसके अलावा, रेड जोन में स्थित सरकारी कार्यालयों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की विशेष तैनाती भी की जा रही है, जिसमें राजनयिक



अपने राजनयिकों को चेतावनी जारी करने के बाद रेड अलर्ट जारी हो गया है। इस हमले के बाद अमेरिका ने अपने राजनयिकों और नागरिकों से प्रभावित क्षेत्र से बचने की सलाह देते हुए अधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के एक ट्वीट में कहा गया है, ठहमें अमेरिकी नागरिक के रूप में अत्याधिक सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र से बचने और अपनी सुरक्षा के बारे में मित्रों और परिवार को सूचित करने की सलाह दी जाती है।ठ वहीं, इस हमले के बाद इस्लामाबाद में सुरक्षा हाई अलर्ट पर कर दी एन्क्लेव, आवास विदेशी दूतावास शामिल हैं। गौरतलब है कि कराची पुलिस मुख्यालय में चार घंटे से ज्यादा समय तक चली मुठभेड़ में पांच लोग मारे गए और 11 घायल हुए हैं। मृतकों में तीन आतंकी हैं। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने ली है। बताया जा रहा है कि शहर के मध्य स्थित पुलिस मुख्यालय में शाम करीब सात बजे आठ से दस आतंकी के घुसे थे। पुलिस की वर्दी में दो आतंकी मुख्य द्वार से घुसे जबकि बाकी के पीछे से आए। पांच मंजिलों वाले मुख्यालय भवन में घुसते ही आतंकियों ने ग्रेनेड फेंककर कई धमाके किए।

## अफगानिस्तान में नहीं थमी तालिबान की क्रूरता 2 महिलाओं समेत 11 लोगों की सरेआम पिटाई

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के द्वारा कब्जा कर लिया गया था। जिसके बाद से अब तक तालिबान की क्रूरता की कई खबरें सामने आ चुकी है। अब तक वहां पर तालिबान की क्रूरता की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब के सामने 11 लोगों की पिटाई की थी। इससे पहले भी तालिबान ने दक्षिणी हेलमंद प्रांत के ग्रिशक जिले में 16 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे थे। अफगानिस्तान के विभिन्न प्रांतों में कम से कम 250 लोगों को विभिन्न अपराधों के आरोप



तालिबान ने अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में दो महिलाओं समेत 11 लोगों की सरेआम पिटाई की है। अफगानिस्तान स्थित समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने बताया कि तालिबान के सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत के फैजाबाद में एक खेल मैदान में शुक्रवार को दो महिलाओं सहित 11 लोगों को सरेआम पीटा गया। खमा प्रेस ने एक आधिकारिक बयान का हवाला देते हुए बताया कि तालिबान ने उन पर ठनैतिक अपराध और व्यभिचारठ का आरोप लगाते हुए उत्तरी बदख्शां प्रांत में भरी भीड़ में तालिबान द्वारा सार्वजनिक रूप से पीटा गया है। खामा प्रेस के अनुसार, समूह के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदज़ादा ने न्यायाधीशों से मौत की सजा सहित अदालतों में अपने फैसलों में शरिया कानून लागू करने के लिए कहा, जिसके बाद नवंबर में तालिबान द्वारा सार्वजनिक दंड की प्रथा शुरू हुई। पिछले महीनों में, तालिबान द्वारा संचालित प्रशासन ने हेलमंद, फराह, ताखर, लोगार, काबुल, बदख्शां, उरुजगन, जावजान, परवान, पक्तिया, पक्तिका, लघमन, और कुछ अन्य प्रांतों सहित विभिन्न प्रांतों में सैकड़ों लोगों की पिटाई की है। मीडिया ने हाल ही में बताया कि अफगान मानवाधिकारों पर कार्रवाई के एक और गंभीर घटना में तालिबान ने तीन लोगों कुल 39 बार सार्वजनिक रूप से पीटा था। उनको पीटने के लिए तालिबान ने यह तर्क दिया था कि अफगानिस्तान पर शासन करने वाले संगठन को विवाह पूर्व संबंधों के लिए कोई सहनशीलता नहीं है। यह घटना पूर्वी अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में हुई थी। तालिबान के अधिकारियों ने कहा कि हां उन्हें कोड़े मारे गए हैं क्योंकि तीनों युवक अनैतिक कार्यों में शामिल थे। नांगरहार प्रांत में तालिबान कार्यालय के समाचार पत्र के अनुसार इन तीन व्यक्तियों पर अवैध यौन संबंध रखने के संदेह में हिरासत में लेने के बाद मुकदमा चलाया गया और सजा सुनाई गई। इस दौरान पूर्व सीजेआई ललित ने कॉलेजियम सिस्टम के हिस्से के रूप में अपने दो साल के अनुभव को साझा किया। कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म की ओर से न्यायिक नियुक्तियों और सुधारों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।पूर्व सीजेआई ललित ने कहा, ठजरूरी नहीं है कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गई प्रारंभिक सिफारिश सर्वसम्मति से हो। यह बहुमत से हो सकती है। मगर, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम

## कूनो नेशनल पार्क में मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने चीतों को बाड़े में किया रिलीज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**भोपाल।** भारत में चीतों को फिर से बसाने के इतिहास में दूसरा अध्याय आज यानी शनिवार को जुड़ गया। नामीबिया से आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए जाने के ठीक पांच महीने बाद दक्षिण अफ्रीका से लाए जा रहे 12 चीते वायुसेना के श्ग्-17 हेलीकाप्टर से मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क पहुंचे। चीतों को लेकर शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका से रवाना हुआ वायुसेना का विशेष विमान आज सुबह 10 बजे ग्वालियर के महाराजपुरा एयर टर्मिनल पर उतरा। इसके बाद यहां से सुबह 11 बजे तीन हेलीकाप्टर चीतों को लेकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान पहुंचा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कूनो नेशनल पार्क में एक चीते को छोड़ा। इसके साथ ही केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने भी चीता छोड़ा। वन विभाग के अफसरों ने भी एक के बाद एक चीतों को बाड़े में छोड़ दिया। अभी इस बाड़े में सभी चीते क्वारंटीन रहेंगे। इसके बाद करीब डेढ़ महीने बाद चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ा जाएगा। 12 चीते आने के बाद अब कूनो में चीतों की संख्या 20 हो गई है।

## केरल में चूहों पर लगा गांजा चट करने का आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आ रहा है। दरअसल, तिरुवनंतपुरम में दिसंबर 2016 से एक शख्स पर गांजा रखने के आरोप में मुकदमा चल रहा है। जब पेशी के लिए सबूत मांगे गए तो उसमें गांजा आधे से भी कम बचा था। कोर्ट में दलील की गई कि ये गांजा चूहों ने खाया होगा। आरोपी साबू को तिरुवनंतपुरम में छावनी पुलिस ने हिरासत में लिया था और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। साबू के पास कथित तौर पर 125 ग्राम गांजा पाया गया था। जिस कारण उसे गिरफ्तार कर कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। 125 ग्राम गांजे में से 100 ग्राम गांजा टेस्ट के लिए जांच केन्द्र में भेजा गया और 25 ग्राम गांजा कोर्ट के स्टोर रूम में सबूत के लिए रखा गया था। घटना ने उस दौरान सबको हैरान कर दिया जब कोर्ट में आरोपी की पेशी हुई। दरअसल, कह सकते हैं कि पूरा मामला ही पलट गया। दरअसल, सबूत के तौर पर रखे गए 25 ग्राम गांजे में से आधा गांजा कम हो गया था। इसको लेकर जब कोर्ट में पूछताछ की गई तो, अभियोजन पक्ष ने कहा कि हो सकता है ये गांजा चूहों ने खा लिया हो।



# सीबीएसई दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, 48 जिलों में 3.80 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं बुधवार सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हो गईं। सीबीएसई के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अधीन पड़ने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के 48 जिलों में तकरीबन 3.80 लाख छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 10वीं में लगभग 1.25 लाख छात्र और 80 हजार छात्राएं जबकि 12वीं में 1.08 लाख छात्र और 68 हजार छात्राएं पंजीकृत हैं। सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं के लिए इन 48 जिलों के तकरीबन दो हजार स्कूल के बच्चों के लिए कुल 432 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। संगमनगरी में 25120 छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। 10वीं में 13197 व 12वीं में 11923 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। प्रयागराज के तकरीबन 120 स्कूलों के विद्यार्थियों की परीक्षा के लिए 28 केंद्र बनाए गए हैं।




# चेकिंग के बाद विद्यालयों में पहुंचे परीक्षार्थी यूपा बोर्ड के सचिव ने परीक्षा केंद्रों का किया दौरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा गुरुवार को शांतिपूर्वक शुरू हो गई। पहली पाली में सुबह आठ से 11:15 बजे तक हाईस्कूल हिन्दी व प्रारंभिक हिन्दी और इंटर सैन्य विज्ञान की परीक्षा हो रही है। दूसरी पाली में दो से 05.15 बजे तक इंटरमीडिएट हिन्दी व सामान्य हिन्दी की परीक्षा कराई जाएगी पहले दिन यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने सुबह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस समेत अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। बोर्ड परीक्षा में 58 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं। बोर्ड ने इस साल प्रश्नपत्र की क्वालिटी में खासा सुधार किया है। जिस प्रकार आईएएस और पीसीएस के प्रश्नपत्र ए-फोर साइज के पेपर पर छपते हैं उसी प्रकार बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र भी छपवाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रश्नपत्र को चार लेयर में रखा गया है। खास बात यह है कि हाईस्कूल के छात्र पहली बार ओएमआर शीट पर परीक्षा दे रहे है 12वीं की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों के लिए यह पहली बोर्ड परीक्षा है क्योंकि 2021 में कोरोना के कारण इन्हें बगैर परीक्षा कराए 11वीं में प्रमोट कर दिया गया था।



# आजाद पार्क में प्रयागराज के इतिहास पर शो शुरू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के इतिहास पर शहीद आजाद पार्क में शो शुरू हो गया। पार्क के पांड में पानी पर 30 मिनट की फिल्म दिखाई जा रही है। अभी हिन्दी में फिल्म दिखाई जा रही है। शीघ्र फिल्म का अंग्रेजी वर्जन भी दिखाया जाएगा। प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने दिसंबर के आखिरी सप्ताह से लेजर शो दिखाना शुरू कर दिया था 26 जनवरी से लेजर शो के साथ फिल्म शो भी शुरू करने की योजना थी। तकनीकी गड़बड़ी के कारण फिल्म शो शुरू करने में कई दिन लग गए।



# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 04 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

## कब्जे से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी, 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 4000 रु0 नकद व 06 अवैध देशी बम बरामद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** श्रीमान पुलिस आयुक्त प्रयागराज व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त नगर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नगर व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना कोतवाली व उ0नि0 कृष्ण कुमार सरोज अपराध शाखा पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के नेतृत्व में थाना कोतवाली व अपराध शाखा की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 16.02.23 को समय करीब 03.15 बजे जी0आई0सी0 स्कूल व रेलवे क्रासिंग के मध्य फ्लाईओवर के नीचे से 04 अभियुक्तों 1- तरुण निषाद पुत्र अवधेश निषाद नि0 उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 19 वर्ष, 2- अभिषेक पासी पुत्र दीपचन्द पासी नि0 उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष, 3- रवि पाल पुत्र ननका पाल नि0 प्रेमनगर थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज उम्र 21वर्ष, 4-अब्दुल शेख उर्फ हुसैन पुत्र खुद्दूस शेख नि0 मालदा टाउन थाना मानिकचन्द जिला मालदा (प0बंगाल) हाल पता हड्डी गोदाम थाना करेली जनपद प्रयागराज उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की 10 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी , 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर , 01 जिन्दा कारतूस . 315 बोर, 4000 रु0 नकद व 06 अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 26/23 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि, मु0अ0सं0 27/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, मु0अ0सं0 28/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, मु0अ0सं0 29/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, मु0अ0सं0 30/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम पंजीकृत किया गया। विवरण पूछताछ गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इनके द्वारा योजनाबद्ध तरीके से जनपद के अलग अलग क्षेत्रों से मोटरसाइकिल की रेकी की जाती थी। इनमें से एक व्यक्ति मोटरसाइकिल खड़ी करने वाले व्यक्ति का पीछा कर रेकी करता था व अन्य दो अभियुक्तगणों द्वारा आस पास की रेकी की जाती थी तथा चौथे अभियुक्त द्वारा मोटर साइकिल चोरी की जाती थी। चोरी करने के उपरान्त इन लोगो द्वारा मोटर साइकिलों की नम्बर प्लेट बदल दी जाती थी, जिससे चोरी की मोटरसाइकिल की पहचान न हो सके। **गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरण व आराधिक इतिहास** (1) तरुण निषाद पुत्र अवधेश निषाद नि0 उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज प्रयागराज उम्र 19 वर्ष 1. मु0अ0सं0 26/23 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. मु0अ0सं0 27/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । (2) अभिषेक पासी पुत्र दीपचन्द पासी नि0 उमरपुर नीवां थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष 1. मु0अ0सं0 26/23 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. मु0अ0सं0 28/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । (3) रवि पाल पुत्र ननका पाल नि0 प्रेमनगर थाना कैण्ट जनपद प्रयागराज उम्र 21वर्ष 1. मु0अ0सं0 26/23 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. मु0अ0सं0 29/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । (4) अब्दुल शेख उर्फ हुसैन पुत्र खुद्दूस शेख नि0 मालदा टाउन थाना मानिकचन्द जिला मालदा (प0बंगाल) हाल पता हड्डी गोदाम थाना करेली जनपद प्रयागराज उम्र 28 वर्ष 1. मु0अ0सं0 26/23 धारा 411/413/414/419/420/467/468/471 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज । 2. मु0अ0सं0 30/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ थाना कोतवाली कमिश्नरेट प्रयागराज **बरामदगी** (1) मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0 18718 इन्जन न0 19048 (2) स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0 40172 व इन्जन न0 40949 (3) मो0सा0 अपाचे चेचिस न0 76424 व इंजन न0- 0426670785 (4) मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0 95544 व इंजन न0 5352 (5) मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0-48630 (6) मो0सा0 डिस्कवर चेचिस न0-42989 (7) मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0-0616इ33667 व इन्जन न0-061533513 (8) मो0सा0 हीरो प्ड डीलक्स चेचिस न0-06821 (9) मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0 76842 (10) मो0सा0 हीरो स्पलेण्डर प्लस चेचिस न0-86038 (11) एविएटर स्कूटी चेचिस न0- 8036441 (12)।



# बारा विधायक ने दिव्यांगों को दिया सहायक उपकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** विकास खंड जसरा के सभागार में जिला दिब्यांग जन कल्याण विभाग प्रयागराज की तरफ से गुरुवार को दिब्यांग सहायक उपकरण के तहत विधायक बारा डा0 वाचस्पति ने 35 दिब्यांगों को ट्राई साइकिल एवं चार स्मार्टफोन का वितरण किया। डा0 वाचस्पति ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर दिब्यांगों को सहायता राशि दी जा रही है। दिब्यांगों को पहले पांच सौ रुपये सहायता राशि मिल रही थी, उसे आज एक हजार रूपए कर दिया गया है। विधायक बारा डा0 वाचस्पति ने कहा कि जिन दिब्यांग लोगों ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है,वह जल्द ही रजिस्ट्रेशन करवा लें,जिससे वह भी ट्रॉई साइकिल के पात्र लाभार्थी बन सकें। कार्यक्रम में जिला दिब्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज नंद किशोर याज्ञिक,भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, महामंत्री नीरज केसरवानी, विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ल, आलोक पाठक, प्रभारी बीडीओ विज्ञान प्रभाकर शुक्ल,एडीओ पंचायत श्यामलाल तिवारी, एडीओ समाज कल्याण गुलज़ार सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष दारा सिंह पटेल,अमरजीत यादव,लल्लू सिंह, भीम पटेल, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।




# जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 का उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** आयुष्मान कैरम क्लब के तत्वाधान मे इलाहाबाद कैरम एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 16-2-2023 को ताज कैफे के हाल करैली प्रयागराज मे किया गया उद्घाटन के मुख्य अतिथि श्री संदीप कुशवाहा मैंनेजर ब्लू वेल स्कूल करैली प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि श्री तारिक अनवर के द्वारा किया गया मुख्य अतिथि ने जिला कैरम इलाहाबाद के इस टूर्नामेंट को कराये जाने के सराहना किया और बच्चों खिलाड़ियों को सहयोग करने का सहमति दिया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, उद्घाटन मे कैरम बोर्ड पर कैरम एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गुप्ता (छेदी ) जी एवं डॉ अलोक मालवीय डाइरेक्ट उजाला लाइव ने साथ खेला रेफरी के रूप मे सहा. सचिव श्री राजेश वर्मा रहे, उद्घाटन के बाद विश्व विजेता कैरम रैंक नम्बर दो अब्दुल रहमान का मुख्य अतिथि तथा खिलाड़ियों के द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन कैरम एसोसिएशन के सचिव श्री मो. सेराज उद्दीन के द्वारा किया गया. आज प्रतियोगिता मे निम्न मैच खेले गये.1- शानू (ए सी ए ) और मो. अनवर (आयुष ) के मध्य खेला गया जिसमे शानू ने 22-20, 25-10 से जीता. दूसरा मैच तौकीर (ए सी ए ) और जाकरिया (रोश) के मध्य खेला गया जिसमें तौकीर ने 14-21, 21-6, 21-8 से जीत दर्ज किया, तीसरा मैच तशवीर (वारसी ) और मो. सोयब (फहद ) के मध्य खेला गया जिसमे तशवीर ने 22-20, 25-10 से जीत दर्ज किया. चौथा मैच मो. शरीक (सुन्दर परी ) और राजेश कुमार ( डी. स्पोर्ट्स ) के मध्य खेला गया जिसमे मो. शरीक ने 25-0, 22-10 से जीत दर्ज किया, टूर्नामेंट मे 52 खिलाड़ियों की इंट्री हैं जिनका मैच देर रात्रि तक होगा. टूर्नामेंट 16 से 19 फ़रवरी तक होगा।



# मुख्य सचिव डीएस मिश्र की अध्यक्षता में हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** 10 सेक्टोरल ऑफिसर्स,डेलॉयट प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग उत्तर प्रदेश में निवेश का माहौल बना हुआ है-दुर्गाशंकर मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी में उद्यमियों ने रूचि दिखाई ईवी, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, स्वास्थ्य में रुचि दर्शायी प्रदेश की अर्थव्यवस्था,औद्योगिक विकास को गति मिलेगी बैठक में सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी रहे मौजूद आर्थिक सलाहकार केवी राजिव सचिवालय प्रशासन मौजूद आबकारी संजय भूसरेडी भी बैठक में मौजूद रह।



# सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा ने बारा में किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आधुनिक समाचार सेवा बारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** ओबीसी/एससी/एसटी एवं माइनॉरिटी जन आंदोलन के तहत बेरोजगार, किसान, मजदूर, जातीय जनगणना एवं जनजातीय दर्जा देने व भू-वितरण के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन बारा तहसील परिसर में किया गया।इस जन आंदोलन में सैकड़ों महिलाओं सहित पुरूष मौजूद रहे।हाथों में स्लोगन लिखी गई पट्टियों को लेकर जो जमीन सरकारी है, वह जमीन हमारी है, आदि नारे लगाए गए।इनकी प्रमुख मांगें,'सरकारी संस्थानों का निजीकरण बन्द हो,निजी किये गए संस्थाओं को राष्ट्रीय घोषित किया जाए।राष्ट्रीय किसान आय आयोग का गठन किया जाये और सरकारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बराबर वेतन दिया जाये।ओबीसी की जातिवार जनगणना कराई जाय,तथा आबादी के आधार पर सरकारी संस्थानों में भागीदारी सुनिश्चित करें,साथ ही 60 प्रतिशत आरक्षण दिया जाये।महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पैतृक संपत्ति एवं देश के सभी संस्थानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित की जाये।पत्थर खनन, बालू खनन, व मत्स्य पालन करने वाले लोगों को अनुज्ञा पत्र जारी कर प्रतिमाह 5000 रुपये अनुदान राशि प्रदान की जाये। इस दौरान हरीलाल आदिवासी,अनिल वर्मा,हंसराज आदिवासी,विमला आदिवासी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।धरना दे रहे लोगों ने दस सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार बारा रमेश पाण्डेय को सौंपा।





# बलिया में पूर्व प्रधान की गोली मारकर निर्मम हत्या

## बाइक से साथियों संग घर लौट रहे थे रास्ते में हो गया हमला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बलिया।** जिले के चिलकहर क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी।कनपटी में गोली लगी।ताबड़- तोड़ गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार बलिया जिले के चिलकहर क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार बदमाशों ने पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। कनपटी में गोली लगी थी। ताबड़तोड़ गोली चलने की आवाज से क्षेत्र में दहशत फैल गई। पूर्व प्रधान को गोली मारे जाने की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो



गई। सुरक्षा की दृष्टि पुलिस बल तैनात किया गया है।एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गडवार थाना क्षेत्र के असनवार गांव के पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा (45) वर्ष अपने गांव के दो लोगों के बीच जमीनी विवाद में थाने पर गए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों को 151 शांतिभंग में चालान कर दिया था। एक पक्ष की जमानत कराने के लिए पूर्व ग्राम प्रधान रसड़ा तहसील चले गए। वहां से एक बाइक पर दो लोगों के साथ घर लौट रहे थे।सवरा-लोहटा मार्ग पर पुलिया के समीप घात लगाकर खड़े बाइक सवार बदमाशों ने सुरेश वर्मा को लक्ष्य कर फायर झोंक दिया। कनपटी में गोली लगने से पूर्व प्रधान वहीं पर अचेत हो गए। गोलीबारी की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया।

# राहुल गांधी का विमान डायवर्ट होने के मामले में पूर्व विधायक अजय राय के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**बाबतपुर (वाराणसी)।** फूलपुर पुलिस ने कार्यवाहक एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर पूर्व विधायक अजय राय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। अजय राय ने एयरपोर्ट अथारिटी पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का विमान बाबतपुर एयरपोर्ट पर न उतरने देने का आरोप लगाया था। पुलिस को दी तहरीर में कार्यवाहक एयरपोर्ट निदेशक ने एयरपोर्ट अथारिटी की साख को क्षति पहुंचाने और बदनाम करने की साजिश बताया। 13 फरवरी को राष्ट्रपति के जाने के साथ राहुल गांधी के वाराणसी आगमन का कार्यक्रम था। लेकिन उन्होंने किन्हीं कारणों से यात्रा निरस्त कर दी थी और उनका विमान कन्नूर से दिल्ली चला गया था।





लेकिन उसी दिन रात्रि में बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंच कर कार्यकर्ताओं संग पूर्व विधायक अजय राय ने एयरपोर्ट अथारिटी द्वारा उनके विमान को न उतरने देने का आरोप लगाया था। जिस पर शासन प्रशासन द्वारा जांच बैठाई थी। उसी क्रम में एयरपोर्ट के कार्यवाहक निदेशक अजय पाठक की तहरीर फूलपुर पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ 500, 501 व 505 की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर फूलपुर प्रवीण कुमार ने बताया कि तहरीर में एकमात्र नाम अजय राय का था। जिसके कारण एक ज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरी तरफ पूर्व विधायक अजय राय ने प्रशासन पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हम मुकदमे से डरने वाले नहीं हैं, भाजपा सरकार को बेनकाब करना जरूरी है। शासन के दबाव में कार्यवाहक एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। भाजपा सरकार राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराई हुई है।

# लखनऊ समाजवादी पार्टी ने रोली तिवारी और ऋचा सिंह को पार्टी से बाहर किया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के शासन के दौरान पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य रही रोली तिवायी व समाजवादी पार्टी के टिकट पर इलाहाबाद पश्चिम से विधानसभा का लड़ लड़ चुकी है चुनाव स्वामी प्रसाद मौर्या के बयान पर विरोध करने के कारण रोली तिवारी और रिचा सिंह को पार्टी से निष्कासित किया गया अखिलेश यादव रोली तिवारी और रिचा सिंह से थे नाराज समाजवादी पार्टी ने रोली तिवारी व रिचा सिंह को पार्टी से निष्कासित किय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुकी हैं ऋचा सिंह वहीं सपा सरकार में राज्य महिला आयोग की सदस्य रही है रोली तिवारी स्वामी प्रसाद मौर्य के विरोध के कारण रोली और रिचा को सपा ने दिखाया बाहर का रास्ता।


# कल महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु लगायेंगें आस्था की डुबकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि का पर्व शनिवार को श्रद्धा, उल्लास से मनाया जाएगा। शनिवार को भोर से संगम समेत व गंगा-यमुना के घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। शिवालयों में श्रद्धालु विधिविधान से अभिषेक, पूजन कर मनोवांक्षित फल की कामना करेंगे तक्षकतीर्थ, नागवासुकि मंदिर, मनकामेश्वर महादेव, दशाश्वमेध मंदिर, सोमेश्वर महादेव, पड़िला महादेव, शिवकोटि महादेव, पंचमुखी महादेव, ललितेश्वर महादेव, दरवेश्वर महादेव, हिम्मतगंज शिवाला, गंगोली शिवाला, खुल्दाबाद शिवाला, मुठ्ठीगंज स्थित भोलेगिरि, बलुआघाट शिव मंदिर, हनुमत निकेतन समेत शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालु विधिविधान से जलाभिषेक, रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। मंदिरों में एक दिन पहले विशेष तैयारियां शुरू हो गई हैं। मनकामेश्वर मंदिर में प्रवेश द्वार को सजाया जा रहा है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं को कतारबद्ध रखने बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। वहीं शहर के तमाम इलाकों में भगवान भोले बाबा की शिव बारात भी निकाली जायेगी। इस बारात में हाथी घोड़े के साथ भक्ति गीतों पर लोग नाचते गाते हुए बारात में शामिल होंगे। लोकनाथ चौराहे से भव्यता के साथ शिव बारात निकाली जायेगी।



# भगवान शिव के जयकारों से गूंजा काशी का कण-कण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी।** शिवभक्तों की पंचक्रोशी यात्रा मणिकर्णिका घाट से गंगा जल भर कर हजारों भक्तों ने शुरू की। शिवभक्त पंचक्रोशी मार्ग के शिवालयों में जलाभिषेक करके कंदवा कपिल तीर्थ तथा रामेश्वर होते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पैर में पड़े छाले व दर्द भी आस्था पर कोई असर नहीं डाल रहा है। यह कठिन यात्रा भक्त एक दिन में ही पूरी करते हैं। शनिवार को काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के बाद ज्ञानवापी प्रांगण में संकल्प छोड़ कर यात्रा का समापन किया। आस्था के दम पर नंगे पांव चलते हुए 80 किलोमीटर की लंबी यात्रा के दौरान भोलेभक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह स्टाल भी लगाए गए।



# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों/स्नान घाटों का किया स्थलीय निरीक्षण एवं अंतिम तैयारियों का लिया जायजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** माघ मेला 2023 के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि को सकुशल व निर्विघ्न संपन्न कराए जाने हेतु संपूर्ण स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं को शिव दर्शन में कोई कठिनाई न हो इस हेतु संपूर्ण मेला क्षेत्र में वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की भी व्यवस्था की साथ ही डॉक्टर मिश्र के द्वारा सभी को निर्देशित करते हुए यह भी बताया गया कि मेला क्षेत्र में आने वाले सभी श्रद्धालुओ/स्नानार्थियो को किसी भी



मेला क्षेत्र के अंतर्गत स्थित सभी शिव मंदिरों/स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए व्यापक पुलिस प्रबंध किए गए हैं सभी थाना प्रभारियों के द्वारा हर चौराहे/तिराहे पर सजग रहते हुए सतर्क दृष्टि रखी जा रही है एवं सीसीटीवी,ड्रोन के माध्यम से भी संपूर्ण मेला क्षेत्र में कड़ी नजर रखी जा रही है संगम गई है । महाशिवरात्रि स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र मय हमराह के साथ मेला क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों/स्नान घाटों का भ्रमण/निरीक्षण करते हुए अंतिम तैयारियों का जायजा लिया गया तथा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। प्रकार की कोई समस्या ना हो सभी संगम स्नान करके शिव मंदिरों में कुशलता पूर्वक दर्शन करते हुए सुरक्षित अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं सभी चौराहे/तिराहे व स्नान घाटों/शिव मंदिरो आदि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि को सकुशल संपन्न कराने में अपना संपूर्ण योगदान दें।

# अग्नि आपदा जोखिम न्यूनीकरण करने हेतु जन जागरूकता अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा लखनऊ महोदय के देने पर बल दिया गया और बताया गया कि उपरोक्त भवनों को चौड़ी



आदेश के अनुपालन के क्रम में पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक निरीक्षक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा महोदय के निर्देशानुसार मंगेश कुमार मुख्य अग्निशमन अधिकारी लखनऊ के पर्यवेक्षण में शिवदरस प्रसाद अग्निशमन अधिकारी गोमती नगर लखनऊ द्वारा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल गौरव विहार चिनहट लखनऊ के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक गण आग से बचाव, आग बुझाने एवं अग्निशामक उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। झुग्गी झोपड़ी में आवासित सहित लोगों को जो विजय खण्ड ,जुग्गौर, चिनहट, सिकंदरपुर खुर्द चिनहट, के लोगों को आग बुझाने, आग से बचाव एवं सुरक्षित जीवन शैली विकसित करने के साथ-साथ आर .एस डी.समर्पण हॉस्पिटल, फार्मासिस्ट, नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल साइन्स, देवा रोड चिनहट लखनऊ के छात्र-छात्राओं एवं वहां के अध्यापकों सहित अन्य स्टाफ को विभिन्न प्रकार के अग्नि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने और अग्नि निवारण कर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था करते हुए अग्नि आपदा जोखिम न्यूनीकरण करने हेतु प्रशिक्षण दिया। श्री प्रसाद अग्निशमन अधिकारी गोमती नगर द्वारा छात्र छात्राओं को एलपीजी गैस के खतरे को विस्तृत बताते हुए एलपीजी गैस सिलेंडर में गैस रिसाव से अग्नि दुर्घटना होने की दशा में फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने के साथ-साथ जुगाड़ पद्धत से आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। जैसे प्लास्टिक की बाल्टी, भीगे हुए बोरे एवं भीगा हुआ मोटे कपड़े से आग को बुझा कर आग बुझाने का प्रदर्शन कराया गया और अग्नि दुर्घटना में आग और धुएं में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर लेजाने हेतु स्ट्रेचर ड्रिल भी कराई गई। हॉस्पिटल बिल्डिंग होटल भवन एवं स्कूल बिल्डिंग को बनाने में ढांचागत सुरक्षा का विशेष ध्यान सड़क पर बनाया जाए भवन निर्माण से पूर्व आर्किटेक्ट से नेशनल बिल्डिंग कोड आफ इंडिया 2016 की मानक के अनुरूप मानचित्र तैयार कर उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग से मानचित्र अनुमोदित कराकर जीवन सुरक्षित एवं राष्ट्रीय संपत्ति बचाने हेतु मानक के अनुरूप अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों को भवन में स्थापित करा कर ही उसका संचालन कराया जाना जन-धन हानि के दृष्टिकोण से अनिवार्य होगा। सुरक्षित जीवन शैली विकसित करते हुए ढांचागत सुरक्षा, चेतावनी पद्धति उपकरण एवं अग्नि शमन सुरक्षा उपकरणों को भवनों की उपयोगिता के अनुरूप व्यवस्था करा कर अग्नि आपदा जोखिम को न्यूनीकरण करने में विशेष योगदान मिलेगा और अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में सफलता मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान सिद्धांत पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य रश्मि सिंह और अध्यापक वंदना सिंह सुरभि सिंह सहित अनेक अध्यापक उपस्थित रहे तथा जिन छात्रों द्वारा आग बुझाने का प्रदर्शन किया गया। वो निम्न प्रकार उस्मान खान, वेदांत मिश्रा गजेंद्र यादव एवं आकाश उपाध्याय। आर.एस.डी. समर्पण हॉस्पिटल फार्मासिस्ट, नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल साइन्स, देवा रोड चिनहट लखनऊ के चेयरमैन डॉ.आर. एस .दुबे ,प्रधानाचार्य, प्रशासनिक अधिकारी आर .के .तिवारी, स्टेट ऑफिसर ए.के. पाठक , अध्यापक मनीष मिश्रा, डॉ कुलदीप चौहान, डॉ रवि मिश्रा, डॉ नेहा मिश्रा, सहित बीमा स्टेशन में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम निम्न प्रकार है अमित कुमार,प्रियंका ,शेखर सैनी ,अब्दुल अब्बास,पूजा ,दीप्ति शुक्ला ,नीरज एवं सुरेंद्र मिश्रा सम्मिलित थे। उपरोक्त प्रशिक्षण में लगभग 900 छात्र छात्राओं ने आग से बचाव आग बुझाने एवं अग्निशमन उपकरणों को चलाकर आग बुझाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।


100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# के एल राहुल ने दो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के उतार दिए मुंह, दोनों एक से बढ़कर एक कैच पकड़े

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के खिलाड़ी केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अपनी फील्डिंग से फैंस का एक छोर पर डटकर खेल रहे थे और स्मिथ के आउट होने के बाद उन्हें ट्रेविस हेड (12) का साथ मिला। हेड इस मैच में वापसी कर रहे हैं तो टीम को उनसे बड़ी पारी की गेंद पर उस्मान ख्वाजा ने रिवर्स स्वीप शॉट खेला। राहुल ने दाएं ओर डाइव लगाकर एक हाथ से शानदार कैच लपका। भारत को जिस जादू की जरुरत थी, वो केएल



दिल जीत लिया। केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के दो बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और उस्मान ख्वाजा के हैरतअंगेज कैच पकड़े। राहुल के दोनों कैच के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल?लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया की स्थिति एक समय मजबूत थी जब उसका स्कोर 1 विकेट पर 91 रन था। तब रविचंद्रन अश्विन ने एक ही ओवर में मार्नस लाबुशेन (18) और स्टीव स्मिथ को आउट करके भारत की वापसी कराई। उस्मान ख्वाजा (81) उम्मीद थी। मगर बाएं हाथ के बल्लेबाज 32वें ओवर में शमी की गेंद पर गच्चा खा गए। शमी ने ओवर की दूसरी गेंद राउंड द विकेट से आकर बैक ऑफ द लेंथ पर डाली, जिस पर हेड ने जोर से बल्ला अड़ाय गेंद बल्ले से लगने के बाद तेजी से दूसरी स्लिप की तरफ गई, जहां राहुल खड़े थे। राहुल ने बेहद शानदार जजमेंट का नजारा पेश किया और अपने दाएं ओर मुड़कर दोनों हाथों से कैच लपका। राहुल ने इस मुश्किल कैच को बेहद आसान बनाया। इस कैच को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी जमकर तारीफ हुई। इसके बाद 46वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका लगा। जडेजा के ओवर की पांचवीं राहुल ने करके दिखाया। यह विकेट भारत के लिए महत्वपूर्ण था क्योंकि ख्वाजा ने पीटर हैंड्सकोंब के साथ पांचवें विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी कर डाली थी। दोनों ने टीम को 150 रन के पार पहुंचा दिया था। बीसीसीआई ने राहुल के उस्मान ख्वाजा वाले विकेट का वीडियो ट्विटर पर शेयर भी किया। इस कैच को भी खूब वाहवाही मिल रही है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट की तुलना में दूसरे टेस्ट में गजब की फाइट दिखाई है। पीटर हैं सकोंब और कप्तान पैट कमिंस ने अर्धशतकीय साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचा दिया है। हैंड्सकोंब अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

# 100 टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए पुजारा, सचिन तेंदुलकर हैं टॉप पर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चेतेश्वर पुजारा दिल्ली में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में भारत के लिए अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए। अरुण जेटली स्टेडियम में मैच शुरू होने



से पहले एक छोटे से सम्मान समारोह के दौरान अपने परिवार, साथियों और प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। पुजारा ने कहा कि जिंदगी और टेस्ट क्रिकेट में कई समानताएं हैं। पुजारा ने कहा, ठमेरा मानना है कि टेस्ट क्रिकेट खेल का अंतिम प्रारूप है। यह आपको बहुत कुछ सिखाता है। यह आपके स्वभाव का परीक्षण करता है, यह आपके चरित्र का परीक्षण करता है।ठ महान क्रिकेट सुनील गावस्कर ने चेतेश्व पुजारा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही गावस्कर ने पुजारा के दमदार टेस्ट करियर की तारीफ की। पुजारा ने आगे कहा कि किसी व्यक्ति के चरित्र और लचीलापन का परीक्षण करने के मामले में टेस्ट क्रिकेट और जीवन काफी समान हैं। पुजारा ने कहा, ठजिंदगी और टेस्ट क्रिकेट में काफी समानताएं हैं। जब भी आपकी परीक्षा होती है, जब भी आपको चुनौती मिलती है, अगर आप इसका मुकाबला करते हैं, अगर आप अच्छी वापसी करते हैं, तो आप हमेशा शीर्ष पर आते हैं। गावस्कर ने कहा, ठआपने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया। आप गिर, आप उठे हैं। आपके द्वारा बनाया गया हर एक रन भारत के लिए एक बड़ा प्लस रहा है।ठ गावस्कर ने कहा, ठकड़ी मेहनत, आत्म-विश्वास और सपने क्या कर सकते हैं, इसके लिए आप एक रोल मॉडल रहे हैं।ठ भारत के नंबर 3 बल्लेबाज पुजारा को भी उनके साथियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गावस्कर ने पुजारा के 100वें टेस्ट में ऐतिहासिक शतक लगाने की भी कामना की। गावस्कर ने कहा, ठ100वें टेस्ट मैच क्लब में आपका स्वागत है। मैं कामना करता हूं कि आप अपने 100वें टेस्ट मैच में बड़ा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बनें और यहां दिल्ली में एक और जीत की नींव रखें। पुजारा ने गावस्कर को धन्यवाद देते हुए कहा, 'आपसे यह (स्मारक 100वीं टेस्ट कैप) प्राप्त करना सम्मान की बात है।

# क्रिकेट की शुरुआत से लेकर बीसीसीआई चयनकर्ता बनने तक का सफर, चेतन शर्मा के बारे में जानें सबकुछ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** चेतन शर्मा इस समय चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। इसका कारण है बीसीसीआई सीनियर चयन समिमि के चेयरमैन पद से इस्तीफा देना। चेतन शर्मा का हाल ही में एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ, जिसमें उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई राज खोले थे। चलिए आपको चेतन शर्मा के बारे में सबकुछ बताते हैं। चेतन शर्मा का जन्म 3 जनवरी 1996 को पंजाब के लुधियाना शहर में हुआ। वह रिटायर्ड क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख चयनकर्ता रहे। चेतन शर्मा पूर्व भारतीय क्रिकेटर यशपाल शर्मा के भतीजे हैं। चेतन ने तेज गेंदबाज की भूमिका निभाते हुए वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया उन्होंने 1996 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया और इसके बाद विभिन्न टीवी



चैनलों पर बतौर क्रिकेट एक्सपर्ट शिरकत की 20 दिसंबर 2020 को चेतन शर्मा की नियुक्ति बीसीसीआई में चयनकर्ताओं के चेयरमैन के रूप में हुई। नवंबर 2022 में उन्हें प्रमुख चयनकर्ता पद से बर्खास्त किया गया। इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें दोबारा नियुक्त किया। मगर अब उन्होंने एक महीने के कार्यकाल के बाद खुद पद से इस्तीफा दिया। घरेलू करियर चेतन शर्मा ने महज 17 साल की उम्र में पंजाब के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। उनका प्रदर्शन इतना प्रभावशाली रहा है कि अगले ही साल उन्हें वनडे टीम में जगह मिल गई। चेतन शर्मा ने 7 दिसंबर 1983 को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया। 17 अक्टूबर 1984 को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया। 1987 वर्ल्ड कप में चेतन शर्मा हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

# चेतेश्वर पुजारा के 100वें टेस्ट को टीम इंडिया ने बनाया खास

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उतरते ही बेहद बड़ी उपलब्धि हासिल की। पुजारा अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेल रहे हैं। पुजारा 100 या ज्यादा टेस्ट खेलने वाले भारत के 13वें और यह आपके टेंपरामेंट की परीक्षा लेता है।' उन्होंने आगे कहा, 'जिंदगी और टेस्ट क्रिकेट में कई समानताएं हैं। अगर आप खराब समय में लड़ाई कर सकते हैं तो हमेशा शीर्ष पर पहुंचेंगे। मैं गर्व महसूस कर रहा हूं और सभी युवाओं को कहना चाहता हूं कि मैं आपको कड़ी मेहनत और भारत के लिए खेलने के लिए



खिलाड़ी बने। बता दें कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर खेला जा रहा है। चेतेश्वर पुजारा को मैच से पहले प्रेजेंटेशन सेरेमनी में महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने 100वें टेस्ट की कैप भेंट की। गावस्कर ने पुजारा का सेंचुरी क्लब में स्वागत किया। इस दौरान पुजारा का परिवार स्टेडियम में मौजूद था। पुजारा ने कहा, धन्यवाद सनी भाई, आपसे यह भेंट पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आप जैसे दिग्गजों ने मुझे प्रेरणा दी। युवा उम्र में मैंने हमेशा भारत के लिए खेलने का सपना देखा, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए 100 टेस्ट खेल पाऊंगा। मेरा मानना है कि टेस्ट क्रिकेट खेल का असली प्रारूप है प्रयासरत रहने को प्रोत्साहित करूंगा। मेरे परिवार, दोस्तों और सभी के समर्थन के लिए शुक्रिया। बीसीसीआई, मीडिया, मेरे टीम के साथी और सपोर्ट स्टाफ को शुक्रिया। भारतीय टीम ने पुजारा के 100वें टेस्ट को बेहद खास बनाया। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मैदान पर जाने से पहले पुजारा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पुजारा ने सभी का शुक्रिया अदा किया। बीसीसीआई ने इस खास पल का वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड किया, जो वायरल हो गया है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी प्लेइंग 11 में दो जबकि भारत ने एक बदलाव किया है।

# सीरीज में बढ़त कायम रखने उतरेगा भारत, जानें कैसी बनी है दिल्ली की पिच

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच आज बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली



स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम की मांग के अनुसार ग्राउंडस्टाफ पिच तैयार करने में लगे हैं। हालांकि, मैच पहले ही पिच को लेकर विवाद शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने पिच छुपाने का आरोप लगाया है। हालांकि, इन सबके बीच दिल्ली की पिच बल्लेबाजों के लिए मुफीद मानी जाती रही है। पहले हुए मैचों में देखा गया था कि इस पिच पर अच्छा स्कोर बनता था। इस ग्राउंड पर छोटी बाउंड्री है, जिसकी वजह से शॉट लगाने में आसानी रहती है। इसके साथ ही नागपुर की पिच की तरह ये पिच भी स्पिनर्स को फायदा पहुंचाने वाली साबित हो सकती है। उम्मीद लगाई जा रही है कि पिछले मैच की तरह इस मैच में भी अश्विन और जडेजा कमाल देखने को मिल सकता। इस स्टेडियम पर भारत ने तीन मैच जीते हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 1 मैच जीतने में सफल हुआ है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अभी तक 103 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें से 28 मैच ड्रॉ हुए हैं। वहीं, 31 मैचों में टीम इंडिया जीती है। 43 मैचों में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है। पिच देखने के बाद ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का कहना है कि पिच काफी सूखी है। उनका मानना है कि पिच नागपुर जैसा ही व्यवहार कर सकती है।

# स्मिथ को शून्य पर आउट कर अश्विन ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड यासिर शाह की कर ली बराबरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** आर अश्विन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के लिए एक अबूझ पहेली बन गए हैं। दिल्ली में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में तीन गेंद अंदर दो विकेट स्मिथ को आउट करते ही यासिर शाह के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन ने 7वीं बार स्टीव स्मिथ को शुन्य पर आउट किया। यासिर शाह ने भी स्टीव स्मिथ को 7 बार आउट किया



लेकर अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ढाकेल दिया। पहले लाबुशेन और फिर स्टीव स्मिथ को आउट कर अश्विन ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज कर लिया है। दरअसल, अश्विन ने स्टीव है। वहीं, स्टुअर्ट ब्राड ने स्मिथ को 9 बार शुन्य पर आउट किया है तो जेम्स एंडरसन ने 8 बार स्मिथ को अपना शिकार बनाया है।गौरतलब हो कि अश्विन ने रणनीति में बदलाव करते हुए दिल्ली टेस्ट में गेंदबाजी की। राउंड द विकेट से गेंदबाजी करते हुए विकेट हासिल किए। अश्विन ने रणनीति बदलते हुए लाबुशेन को राउंड द विकेट सें आउट किया। इसके बाद अगली गेंद पर अश्विन ने स्मिथ को शून्य पर आउट कर दिया। स्मिथ ने अश्विन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को रोकने की कोशिश की लेकिन, गेंद बल्ले से लगकर विकेटकीपर श्रीकर भरत के दस्तानों में चली गई। बता दें कि जडेजा के बाद आर अश्विन ही वो गेंदबाज हैं जिन्हें लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा परेशान कर रखा है। अश्विन जैसे एक्शन वाले गेंदबाज के खिलाफ प्रैक्टिस करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम अबतक उसकी काट नहीं ढूंढ पाए हैं। यही वजह है कि दुनिया के नंबर 1 और दुनिया के नंबर 2 टेस्ट बल्लेबाज भी उनके आगे नतमस्तक नजर आए। गौरतलब हो कि आर अश्विन ने नागपुर टेस्ट में 8 विकेट हासिल किए थे। दूसरे टेस्ट में स्टीव स्मिथ और लाबुशेन का विकेट चटका चुके हैं।

# 14 साल की मूमल मेहर ने सचिन तेंदुलकर को अपनी बल्लेबाजी से किया प्रभावित, इस बल्लेबाज को मानती है अपना आदर्श

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** राजस्थान के बाड़मेर के पास एक छोटे से गांव की 14 साल की मूमल मेहर का सोशल मीडिया पर क्रिकेट खेलते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो से प्रभावित होते हुए क्रिकेट के भगवान सचिन ने ट्वीट किया है। सचिन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ठकल ही तो नीलामी हुई और आज मैच भी शुरू? क्या बात है।ठ मूमल के पिता एक गरीब किसान हैं। मूमल के क्रिकेटर बनने के सपनों को पूरा करने के लिए वह आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। वीडियो वायरल होते ही बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने मूमल को क्रिकेट किट भिजवाई। साथ ही ट्वीट कर लिखा, ठआज बहुत खुशी हुई, चौके छक्के मारने वाली बाड़मेर की बेटी मूमल के पास क्रिकेट किट पहुंच गया; बेटी खेलो और आगे बढ़ो, खूब सारी शुभकामनाएं आपको। जब मूमल



से भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन के ट्वीट के बारे में बताया गया तो उसने शर्माते हुए लिटिल मास्टर को धन्यवाद दिया। एनडीटीवी इंडिया से बात करते हुए मूमल ने कहा, ठमेरे पास खेलने के लिए मैदान नहीं है, इसलिए मैं रेत पर खेलती हूं।ठ मूमल ने कहा कि वह भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अपना आदर्श मानती है और उनकी तरह लंबे शॉट मारने की कोशिश करती है। गौरतलब हो कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरी की 6 बहनें और 2 भाई हैं। वह अक्सर घर के कामों में मां-बाप की मदद करती है और यहां तक कि बकरियों को चराने के लिए भी ले जाती है, लेकिन खाली समय में वह क्रिकेट खेलती हैं। वह भी नंगे पांव। हालांकि, उसके पास कोई किट नहीं थी। मूमल जुनून के साथ खेलती है। उसकी प्रतिभा को स्थानीय स्कूल के शिक्षक रोशन खान ने देखा, जिसने उसे कोचिंग देना शुरू किया।

## विराट कोहली अपनी महंगी पोर्श कार में बैठकर स्टेडियम से निकले

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पहुंच गई हैं। यहां टीमों के खिलाफ नेट पर जमकर प्रैक्टिस कर रहे। वहीं, दिल्ली ब्वॉय विराट कोहली के लिए यह टेस्ट मैच खास होने वाला है। विराट कोहली 2017 के बाद पहली बार स्टेडियम में अपना पहला टेस्ट मैच खेलेंगे। यह उनका 106वां टेस्ट मैच होगा।

# राशिफल





**मेष-ःआज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।**

वृष-ःआज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-ःआज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।**

**कर्क-ःआज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।**

**सिंह-ःआज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।**

**कन्या-ःआज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।**

**तुला-ःआज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।**

**वृश्चिक-ःआज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।**

**धनु-ःआज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।**

**मकर-ः आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।**


**कुंभ-ःआज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।**

**मीन-ःआज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।**




# एशिया कप विवाद पर भड़के शाहिद अफरीदी बोले-के सामने कुछ नहीं कर पाएगा आईसीसी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** एशिया कप 2023 के होस्ट देश को लेकर विवाद धमने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि इस विवाद का निपटारा आईसीसी भी नहीं कर सकता है। क्योंकि बीसीसीआई के सामने आईसीसी कुछ नहीं कर पाएगा। बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया। इससे इस साल के अंत में पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी पर संदेह बन गया है। अफरीदी ने स्थानीय मीडिया से कहा, 'मुझे नहीं पता, क्या भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा या नहीं क्या हम भारत में होने वाले वनडे विश्व कप का बहिष्कार करेंगे



लेकिन हमें कभी न कभी इस पर फैसला करना होगा।' उन्होंने कहा, 'इस मामले में आईसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें आगे आना चाहिए, लेकिन मैं साथ ही कहना चाहता हूं कि आईसीसी भी बीसीसीआई के सामने कुछ नहीं कर पाएगा।अफरीदी ने कहा कि बीसीसीआई ने खुद को इतना मजबूत बना लिया है, तभी उसका इस तरह का दबदबा बना हुआ है। अफरीदी की यह टिप्पणी भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के विवादास्पद मुद्दे पर की गई टिप्पणी के बाद आई है। अश्विन ने कहा था, 'एशिया कप पाकिस्तान में होना था, लेकिन भारत ने घोषणा की है कि अगर यह पाकिस्तान में होता है, तो हम इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। अगर आप चाहते हैं कि हम इसमें हिस्सा लें तो आयोजन स्थान बदलें, लेकिन हमने ऐसा होते हुए कई बार देखा होगा उन्होंने कहा, 'जब हम कहते हैं कि हम उनके यहां नहीं जाएंगे तो वे कहेंगे कि वे भी हमारे यहां नहीं आएंगे। इसी तरह पाकिस्तान ने कहा है कि वे भी विश्व कप में नहीं आएंगे, लेकिन मुझे लगता है कि यह संभव नहीं है। अंतिम फैसला यह हो सकता है कि एशिया कप श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिया जाए।

## सम्पादकीय

# कमंडल और आरोपों के बंडल की राजनीति पर होगा 2024 का चुनावी महाभारत

केंद्रीय गृह मत्री अमित शाह ने जिस तरह त्रिपुरा चुनाव में प्रचार के दौरान पहले जनवरी 2024 तक राम मंदिर का निर्माण पूरा होने जाने की घोषणा की और फिर यह एलान भी किया कि 2024 के चुनावों में भाजपा के सामने विपक्ष की तरफ से कोई चुनौती नहीं है और भाजपा पहले से भी ज्यादा बड़े बहुमत से केंद्र में तीसरी बार लगातार सरकार बनाएगी, यही बताता है कि भाजपा अगला चुनाव विकास और हिंदुत्व की दुधारी तलवार से विपक्ष का मुकाबला करेगी पिछले लोकसभा चुनावों के बाद यूं तो हर साल देश में कहीं न कहीं चुनावी महाभारत होता रहा है, लेकिन अगले आम चुनाव से ठीक पहले का यह साल सियासी नजरिए से सबसे ज्यादा गरम साल साबित होने वाला है। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे की लोकप्रियता और राजनीतिक परिपक्वता के बल पर लोकसभा चुनावों में हैट्रिक की तैयारी कर रही है, तो वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा की सफलता से उत्साहित होकर भाजपा की हैट्रिक न बनने देने की तैयारियों में जुट गई है। जबकि भाजपा विरोधी क्षेत्रीय दल अपने अपने इलाकों में अपनी ताकत बढ़ाकर अगले लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा को रोकने और कांग्रेस को दबाव में लेने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इस चुनावी महाभारत में जहां भाजपा मोदी सरकार के दस सालों के कामकाज और भविष्य का भारत कैसा होगा अपने इस एजेंडे की पैकिंग में अपने सबसे बड़े और धारदार सियासी हथियार हिंदुत्व को फिर से आजमा कर कमंडल राजनीति को गरम करेगी, तो उसकी काट के लिए सामाजिक न्याय के योद्धा राजद, जद(यू) और समाजवादी पार्टी ने हिंदू ध्रुवीकरण की काट के लिए जातीय जनगणना और रामचरित मानस विवाद के जरिए पिछड़ों के ध्रुवीकरण की मंडल राजनीति का दांव खेलने में जुट गए हैं। उधर कमंडल और मंडल से इतर कांग्रेस ने भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ मुद्दों का एक बंडल तैयार किया है, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, छोटे उद्योगों मझोले व्यापार और दुकानदारों की तकलीफ, मजदूरों की रोजमर्रा की दिक्कतों और सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना और कॉरपोरेट भ्रष्टाचार के जरिए अमीर गरीब की गहराती खाई जैसे मुद्दे शामिल हैं। लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दिए गए अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जिस अंदाज में एक तरफ अदाणी समूह को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब देने की बजाय उनका संज्ञान ही नहीं लिया और अपने भाषण में उन्होंने बेहद आक्रामक और व्यंग्यात्मक अंदाज में कांग्रेस सरकारों के जमाने में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का जिक्र करते हुए अपनी सरकार के कामकाज और उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए इस साल होने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले साल के लोकसभा चुनावों की राजनीतिक पिच तैयार कर दी। अपने भाषण में उन्होंने न सिर्फ विपक्ष को आईना दिखाया, बल्कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सियासी लाइन भी दे दी कि अब उन्हें राजनीतिक विमर्श में क्या करना है और क्या बोलना है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की लाइन ऐसी सियासी पैकेजिंग हैं, जिसमें विकास सुशासन और उपलब्धियों के चमकदार खोल के भीतर ठोस हिंदुत्व है जो आगे आने वाले सभी चुनावों में भाजपा का सबसे धारदार हथियार होगा। दरअसल भारतीय जनता पार्टी और पूरा संघ परिवार दोहरी रणनीति पर काम कर रहा है। एक सरकार और पार्टी की खुली और अधिकारिक रणनीति और दूसरी गैर पार्टी संगठनों यानी संघ परिवार के अनुषांगिक संगठनों जिन्हें राजनीति की भाषा में नॉन स्टेट एक्टर्स भी कहा जा सकता है, के जरिए छुपी हुई समानांतर रणनीति। इसके तहत विभिन्न संघ परिवार से जुड़े विभिन्न गैर भाजपा संगठनों द्वारा लगातार हिंदुत्व और हिंदू ध्रुवीकरण को गरम करते हुए संघ परिवार की कमंडल राजनीति को आगे बढ़ाते रहना। इसीलिए एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी उनके मंत्री और भाजपा केंद्र सरकार के पिछले करीब दस साल के कामकाज उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार प्रसार करके जनता को बताएंगे कि किस तरह भारत की असली विकास यात्रा 2014 से शुरू हुई है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए संसद के दोनों सदनों में अपनी सरकार की उपलब्धियों कामकाज और नीतियों का विस्तार से जिक्र करते हुए 2004 से 2014 के कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए सरकार के कार्यकाल को लॉस्ट डिकेड यानी खोया हुआ दशक कहा और 2014 से 2024 के समय को इंडिया डिकेड यानी भारत दशक की संज्ञा दी।

# हम अडानी के हैं कौन श्रृंखला में आयोजित मुख्य बिंदु




लखनऊ /अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया डिजिटल प्लेटफार्मस की चेयरपर्सन एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत जी ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, उच्चतम बेरोज़गारी और कुशासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित विभाजनकारी एजेंडे का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिला कर खड़ी है। लेकिन एक ज़िम्मेदार विपक्षी दल होने के नाते हम भाजपाई सत्ता के मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट और प्रधानमंत्री से संबंधित इस पूरे अडानी महाघोटाले में हो रहे घोटालों से भी चिंतित हैं। इसलिए हम सरकार को उसकी ज़िम्मेदारी से भागने की इजाज़त नहीं दे सकते और आज' हम अडानी के हैं कौन' श्रृंखला में देश के 23 प्रमुख शहरों में प्रेस वार्ताएं कर रहे हैं। कहा कि सरकार ने राहुल गांधी जी के सवालों और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी के भाषण के अंशों को बेशक संसदीय कार्यवाही से हटा दिया हो लेकिन भारत के लोग सब देख रहे हैं कि संसद में क्या हो रहा है। लोग जानना चाहते हैं कि सरकार संसदीय भाषणों का स्तर गिराने की कोशिश क्यों कर रही है और प्रधानमंत्री संसद में प्रासंगिक सवालों के जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासी जानना चाहते हैं कि कैसे एक संदिग्ध साख वाला समूह, जिस पर टैक्स हेवन देशों से संचालित विदेशी शेल कंपनियों से संबंधों का आरोप है, भारत की संपत्तियों पर एकाधिपत्य स्थापित कर रहा है और इस सब पर सरकारी एजेंसियां या तो कोई कार्यवाही नहीं कर रही हैं या इन सब संदिग्ध गतिविधियों को ही सुगम बनाने में जुटी हैं। भारत के लोग बहुत बुद्धिमान हैं और वे मोदी जी और उनके मित्र पूंजीपतियों के बीच संपूर्ण पारस्परिक तालमेल को समझ सकते हैं। वे जानना चाहते हैं कि प्रधानमंत्री ने एक मित्र पूंजीपति को विश्व के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनाने में मदद क्यों की और वे इस गंभीर अंतरराष्ट्रीय खुलासे पर चुप क्यों हैं हम किसी व्यक्ति के दुनिया के अमीरों की सूची में 609वें से दूसरे स्थान पर पहुँचने के खिलाफ नहीं है। लेकिन हम निस्संदेह सरकार द्वारा प्रायोजित निजी एक अधिकारों के खिलाफ हैं क्योंकि वे जनता के हितों के विरुद्ध होते हैं। विशेष तौर पर हम टैक्स हेवन देशों से आपत्तिजनक संबंधों, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एक खा़स व्यक्ति द्वारा हमारी अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना और राष्ट्रीय संसाधनों का लाभ उठाते हुए एकाधिपत्य स्थापित करने के खिलाफ़ हैं। उन्होंने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि मोदी सरकार इस मुद्दे पर जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति बनाने से क्यों डर रही है जबकि संसद के दोनों सदनों में उसका अच्छा बहुमत है। श्रीनेत प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आने से पहले कालाधन भारत वापस लाने और हर नागरिक के बैंक खाते में 15-20 लाख रुपऐ डालने का वादा किया था लेकिन आज की कड़वी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। स्विट्ज़रलैंड के केंद्रीय बैंक के पिछले वार्षिक डेटा के मुताबिक 2021 में स्विस बैंकों में जमा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का पैसा 14 वर्षों के उच्चतम स्तर 3.83 बिलियन स्विस फ्रैंक्स (30,500 करोड़ रु. से अधिक) पर पहुँच गया है। हम जानना चाहते हैं कि टैक्स हेवन देशों से संचालित होने वाली विदेशी शेल कंपनियों से भारत आने वाले काले धन का असली मालिक कौन है? क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम वो इरादा? काले धन पर प्रधानमंत्री के वादे का क्या हुआ प्रधानमंत्री ने कई बार भ्रष्टाचार से लड़ने में अपनी निष्ठा और नीयत की बातें की है लेकिन उनके क़रीबी मित्र स्पष्ट तौर पर ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त रहे हैं जो आमतौर पर माफ़िया, आतंकी और शत्रु देश रहते हैं। वर्षों से प्रधानमंत्री मोदी ने ईडी, सीबीआई और उंघ् (खुफ़िया राजस्व निदेशालय) जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग अपने राजनीतिक या सैद्धांतिक प्रतिद्वंदियों को डराने-धमकाने के लिए किया है, साथ ही उन व्यापारिक घरानों को दंडित करने के लिए भी किया है जो उनके पूंजीपति मित्रों के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। आगे कहा कि 1992 में हर्षद मेहता मामले की जाँच के लिए एक जेपीसी का गठन हुआ था जबकि 2001 में एक जेपीसी ने केतन पारेख मामले की जाँच की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव और प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, दोनों को करोड़ों भारतीय निवेशकों को प्रभावित करने वाले घोटालों की जाँच के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों पर विश्वास और भरोसा था। प्रधानमंत्री मोदी को किस बात का डर है? क्या उनके अधीन एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष जांच की कोई उम्मीद है जब यह धोखाधड़ी हो रही थी तो सेबी (ऍंघ्) क्या कर रहा था 1. अडानी समूह के खलिफ़ स्टॉक में हेरफेर के आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद शेयरों की कीमतों में गिरावट से उन लाखों निवेशकों को नुकसान पहुँचा जिन्होंने कृत्रिम रूप से बढ़ी हुई कीमतों पर अडानी समूह के शेयरों में निवेश किया था। 24 जनवरी और 15 फ़रवरी 2023 के बीच अडानी समूह के शेयरों के मूल्य में ?10,50,000 करोड रु. की गिरावट आई। 19 जुलाई, 2021 को वित्त मंत्रालय ने संसद में स्वीकार किया था कि अडानी समूह सेबी के नियमों का उल्लंघन करने के लिए जांच के दायरे में है। फिर भी अडानी समूह के शेयरों की कीमतों में उछाल आने दिया गया। 2. एलआईसी द्वारा खरीदे गए अडानी समूह के शेयरों का मूल्य 30 दिसंबर, 2022 को 83,000 करोड़ रुपए था जो 15 फ़रवरी, 2023 को घटकर 39,000 करोड़ रुपए रह गया, यानि 30 करोड़ एलआईसी पॉलिसी-धारकों की बचत के मूल्य में 44,000 करोड़ रुपए की कमी। शेयरों के मूल्यों में कमी और समूह द्वारा धोखाधड़ी के गंभीर आरोपों के बाद भी मोदी सरकार ने एलआईसी को अडानी एंटरप्राइज़ेज़ के फ़ॉलो-आन पब्लिक ऑफ़र (थ्व्) में अतिरिक्त 300 करोड़ रुपए निवेश करने के लिए मजबूर किया।3. 2001 के केतन पारेख घोटाले में सेबी ने पता लगाया था कि शेयर बाज़ार में हेरफेर करने में अडानी समूह के प्रमोटरों ने साथ दिया था। समूह पर मौजूदा आरोपों से यह चिंताजनक रूप से समानहै।जांच करने की बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल के' मित्रकाल' बजट में अडानी समूह को और भी अवसर प्रदान कर दिएः 14 जून, 2022 को अडानी समूह ने घोषणा की कि वह फ्रांस की 'टोटलएनर्जीज़' के साथ साझेदारी के अंतर्गत ग्रीन हाइड्रोजन में 50 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा। 4 जनवरी, 2023 को ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,744 करोड़ रु. की लागत के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंज़ूरी दे दी।'टोटल एनर्जीज़' ने इस उद्यम में अपनी भागीदारी को रोक दिया है, लेकिन क्या अडानी की कोई ऐसी व्यावसायिक घोषणा है, जिसके बाद करदाता के पैसों से सब्सिडी प्रदान नहीं की गई1 फ़रवरी को अपने 'मित्रकाल' बजट भाषण में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि अगले चरण में 50 और हवाई अड्डे, हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रम को पुनर्जीवित किया जाएगा। इनमें से कितने अडानी को लाभ पहुंचाएंगे? एकाधिकार स्थापित करना हवाई अड्डे -अडानी समूह बहुत ही कम समय में भारत के हवाई अड्डों का सबसे बड़ा संचालक बन गया है। इसने 2019 में छह में से छह हवाई अड्डों के संचालन की अनुमति सरकार से प्राप्त कर ली और 2021 में यह समूह संदेहास्पद परिस्थितियों में भारत के दूसरे सबसे व्यस्त हवाई अड्डे, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, पर काबिज़ हो गया। बंदरगाह -आज अडानी समूह 13 बंदरगाहों और टर्मिनल्स को नियंत्रित करता है, जो भारत की बंदरगाह क्षमता का 30 प्रतिशत और कुल कंटेनर आवाजाही का 40 प्रतिशत है। क्या यह राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से विवेकपूर्ण है कि धनशोधन और विदेश की शेल कंपनियों से लेन-देन के गंभीर आरोपों का सामना करने वाली एक कंपनी को एक सामरिक क्षेत्र में प्रभुत्व रखने की अनुमति दे दी जाए मोदी जी ने अपने पास उपलब्ध सभी साधनो ंका इस्तेमाल करके बंदरगाहों के क्षेत्र में भी अडानी का आधिपत्य स्थापित करने में मदद की। सरकारी रियायत वाले बंदरगाह बिना किसी बोली के अडानी समूह को बेच दिए गए हैं, और जहां बोली की अनुमति दी गई है, वहां प्रतिस्पर्धी चमत्कारिक रूप से बोली से ग़ायब हो गए हैं। लगता है कि आयकर छापों ने कृष्णपट्टनम बंदरगाह के पूर्व मालिक को उसे अडानी समूह को बेचने के लिए 'राज़ी करने' में मदद की। 2021 में सार्वजनिक क्षेत्र का जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट महाराष्ट्र में दिघी बंदरगाह के लिए अडानी की प्रतिस्पर्धा में बोली लगा रहा था लेकिन जहाज़रानी और वित्तमंत्रालयों द्वारा अचानक इरादा बदलने के बाद उसे अपनी जीती हुई बोली वापस लेने को मजबूर होना पड़ा। रक्षा क्षेत्र - यह सार्वजनिक जानकारी में है कि गौतम अडानी प्रधानमंत्री मोदी की अनेक विदेश यात्राओं में उनके साथ गए। 4-6 जुलाई, 2017 की इज़राइल यात्रा के बाद उन्हें भारत-इज़राइल रक्षा संबंधों के संदर्भ में एक लाभ दिलाने वाली भूमिका सौंप दी गई है। उन्होंने कोई पूर्व अनुभव न होते हुए भी ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, छोटे हथियार और विमान रखरखाव जैसे क्षेत्रों में संयुक्त उपक्रम स्थापित किए हैं, जबकि कई स्टार्ट-अप कंपनियां और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां इन क्षेत्रों में कई वर्षों से हैं विद्युत क्षेत्र -यूपीए ने वर्ष 2010 में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी द्वारा बगेरहाट, बांग्लादेश में 1,320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने अपने मित्रों की मदद करने का निर्णय लिया और 6 जून, 2015 को उनकी ढाका यात्रा के दौरान, यह घोषणा की गई कि अडानी पावर बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति करने के लिए झारखंड के गोड्डा में एक थर्मल पावर प्लांट का निर्माण करेंगे। मोदी सरकार ने पिछले 9 सालों में सीएजी, सीबीआई जैसी सभी सरकारी एजेंसियों और संस्थाओं पर चाहे नियंत्रण कर लिया हो लेकिन सत्य हमेशा सामने आ ही जाता है, उसे ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल कर दबाया नहीं जा सकता है। कृपया इंतज़ार करिए और देखिए, यह सिर्फ़ शुरुआत है, बीजेपी के कई और गुप्त भेद आने समय में उजागर होंगे। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, संगठन सचिव अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताज पैलेस में इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित कीया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम करीब 7:40 बजे दिल्ली के होटल ताज पैलेस में इकोनॉमिक टाइम्स ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करेंगे भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास, ठएक्स धर्म गार्जियनठ का चौथा संस्करण 17 फरवरी से 2 मार्च, 2023 तक जापान के शिगा प्रांत के कैंप इमाजू में आयोजित किया जाएग पंचायतों के स्थानीयकरण (एलएसडीजी) पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला भुवनेश्वर में होगी शुरू ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान और कपिल मोरेश्वर पाटिल की उपस्थिति में कार्यशाला का करेंगे उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री, भगवंत मान, 'बैटल ऑफ लोंगेवाला' के हीरो, ब्रिगेडियर कुलदीप सिंह चांदपुरी (महावीर चक्र और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित) की प्रतिमा उनके पैतृक गांव चांदपुर रुड़की में समर्पित करेंगे गार्डन ऑफ फाइव सेंसेस, सैद-उल-अजैब गांव साकेत दिल्ली में आयोजित होने वाले वार्षिक उद्यान पर्यटन उत्सव का 35वां संस्करण आज से शुरू होगा और 19 फरवरी को समाप्त होगा सुप्रीम कोर्ट तेलंगाना पुलिस द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें भाजपा द्वारा बीआरएस विधायकों को अपने साथ ले जाने के प्रयास के पीछे कथित आपराधिक साजिश की सीबीआई जांच को बरकरार रखा गया था महापौर चुनाव जल्द कराने की आप की मेयर उम्मीदवार शैली ओबेरॉय की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई सुप्रीम कोर्ट अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों के मद्देनजर अडानी समूह की कंपनियों के




खिलाफ शीर्ष अदालत के न्यायाधीश की निगरानी में जांच की मांग करने वाली कांग्रेस नेता की एक नई याचिका पर सुनवाई करेगा महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से संबंधित मामलों को अयोग्यता याचिकाओं से निपटने के लिए विधानसभा अध्यक्षों की शक्तियों पर पुनर्विचार के लिए 2016 के नबाम रेबिया के फैसले पर महाराष्ट्र राजनीतिक संकट से संबंधित मामलों को बड़ी सात-न्यायाधीशों की बेंच को संदर्भित करने के बारे में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ सुनाएगी अपना फैसला राज्य में भाजपा नेताओं की लक्षित हत्याओं के विरोध में भाजपा करेगी 'छत्तीसगढ़ जाम' लोकसभा सदस्य डॉ. शशि थरूर तिरुवनंतपुरम के कोवलम उदय समुद्र में वॉयस डॉक्टर्स के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटनबॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर, मुंबई में तीन दिवसीय, एमएजी वर्ल्ड एक्सपो 2023 का दूसरा संस्करण होगा शुरू नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनईआईएफटी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सेलिब्रेटिंग नॉर्थ ईस्ट का 16वां संस्करण न्यू मोतीबाग क्लब, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में होगा शुरूआईआईटी हैदराबाद का छात्र समुदाय हैदराबाद में अपने वार्षिक तकनीकी-सांस्कृतिक उत्सव 'एलान एंड एनविजन' के 14वें संस्करण का आयोजन करेगा, जिसकी थीम 'सीक्रेट्स ऑफ वैलेनरो-ए मिस्टिकल टाउन वेटिंग्स' है जयपुर जिला प्रशासन एवं राज्य पर्यटन विभाग संयुक्त रूप से जयपुर में तीन दिवसीय सांभर महोत्सव का आयोजन करेंगेचीन, भारत, सऊदी अरब और सात देशों के समूह के अधिकारी एक नए संप्रभु ऋण गोलमेज सम्मेलन की पहली वर्चुअल बैठक में भाग लेंगेअन्य ऋण संकटग्रस्त देशों के वर्तमान ऋण पुनर्गठन ढांचे में अंतर को पाटने के लिए आईएमएफ श्रीलंका के लेनदारों के साथ करेगा बैठक भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन आज, अरुण जेटली स्टेडियम नई दिल्ली में सुबह 9:30 बजे खेल होगा शुरू आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2022-23 में ग्रुप 1 के 12वें मैच में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच केप टाउन में शाम 6:30 बजे मुकाबला आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2022-23 के ग्रुप 2 के 13वें मैच में आयरलैंड और वेस्ट इंडीज के बीच केपटाउन में रात 10:30 बजे होगी भिड़ंत मुगल बादशाह शाहजहां की 368वीं पुण्यतिथि मनाने के लिए, आगरा में ताजमहल में प्रवेश 17 फरवरी से तीन दिनों के लिए रहेगा निःशुल्क।

# अदाणी विवाद गरम रखने में राजनीतिक संभावनाएं देख रही कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** अदाणी विवाद में राजनीतिक संभावनाएं देख रही कांग्रेस ने संसद के बाद अब देश के दूरदराज क्षेत्रों तक इस मुद्दे को पहुंचाने की रणनीति पर अमल शुरू कर दिया है। इसके तहत ही शुक्रवार को करीब 21 राज्यों में कांग्रेस ने अपने नेताओं को भेजकर अदाणी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर प्रेस कांफ्रेंस कराकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाने पर रखा। वहीं, कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने लगातार 12वें दिन सवाल पूछने का सिलसिला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि इंडियन आयल कारपोरेशन (आइओसी) को सरकार संचालित विशाखापत्तनम पोर्ट की बजाय अदाणी के स्वामित्व वाले गंगावरम पोर्ट के जरिये एलपीजी आयात के लिए बाध्य करने का प्रयास किया जा रहा है जो पोर्ट सेक्टर में अदाणी का एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास है। बजट सत्र के पहले चरण में अंतर्विरोधों के बावजूद अदाणी विवाद पर विपक्षी दलों में दिखी एकजुटता से कांग्रेस को जमीनी स्तर पर इसके जरिये समानांतर सियासी विमर्श खड़ा करने की संभावनाएं नजर आ रही हैं। इसीलिए पार्टी ने शुक्रवार को 21 राज्यों की राजधानियों सहित कुल 23 प्रमुख शहरों में सचिन पायलट, दीपेंद्र हुड्डा, अजय माकन, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत, रजनी पाटिल, गौरव बल्लभ, प्रणव झा से लेकर भक्त चरण दास जैसे नेताओं की अदाणी मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस कराई। 2024 के चुनाव में विपक्षी एकता के साथ भाजपा को बैकफुट पर धकेलने के लिहाज से कांग्रेस को इस मुद्दे में दम दिखाई दे रहा है। यह बात दीगर है कि 2019 के चुनाव से पहले कारपोरेट जगत से नजदकी को लेकर सूट-बूट की सरकार और राफेल जेट सौदे को कांग्रेस ने बड़ा मुद्दा बनाने का प्रयास किया था, मगर पार्टी को सफलता नहीं मिली। ऐसे में अदाणी विवाद से चुनावी राजनीति कैसे प्रभावित होगी, इस पर पार्टी के एक वरिष्ठ रणनीतिकार ने कहा कि आठ वर्ष में अदाणी समूह की जमीन से आसमान तक छलांग लोगों को प्रत्यक्ष दिख रही है और इसके पीछे सत्ता की ताकत भी किसी से छिपी नहीं है। इस तथ्य को जनता के बीच निरंतर रखते रहना कांग्रेस ही नहीं, समूचे विपक्ष की जिम्मेदारी है। इसी रणनीति के तहत ही जयराम रमेश ने 'हम अदाणी के हैं कौन' (एचएएचके) श्रृंखला के तहत लगातार 12वें दिन प्रधानमंत्री से सवाल पूछे। सार्वजनिक क्षेत्र को जानबूझकर कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, हमें पता चला है कि आइओसी पहले सरकार संचालित विशाखापत्तनम बंदरगाह से एलपीजी आयात कर रही थी, अब उसे पड़ोस के अदाणी के गंगावरम बंदरगाह का उपयोग करने के लिए तैयार किया जा रहा है। वह भी 'आपूर्ति लो या भुगतान करो' जैसे एक प्रतिकूल अनुबंध के आधार पर। क्या यह सार्वजनिक क्षेत्र को केवल अपने मित्रों को और समृद्ध बनाने के उपकरण के रूप में देखना नहीं है कांग्रेस नेता ने कहा कि आइओसी ने स्पष्ट किया है कि उसने अदाणी पो?ट्र्स के साथ केवल एक 'गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन' पर हस्ताक्षर किए हैं और आपूर्ति लो या भुगतान करो' जैसे बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ऐसे में क्या ऐसा समझौता ज्ञापन उस दिशा का संकेत नहीं दे रहा जिसमें आइओसी को धकेला जा रहा था और अदाणी पोर्ट को एलपीजी आयात का प्रमुख बंदरगाह बनाया जा रहा ।



## संक्षिप्त समाचार

### शिवसेना का नाम और चिन्ह खोने के बाद उद्धव ठाकरे को शरद पवार ने दी नसीहत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पुणे।** उद्धव ठाकरे गुट से शिवसेना का नाम और धनुष और तीरथ प्रतीक छिन जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के




प्रमुख शरद पवार ने उद्धव को नसीहत दी है। अपने सहयोगी को लेकर टिप्पणी करते हुए शरद ने कहा कि इससे कोई बड़ा प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि लोग नए प्रतीक को स्वीकार करेंगे। पवार की टिप्पणी भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के उस आदेश के बाद आई है जिसमें कहा गया है कि पार्टी का नाम ठशिवसेनाठ और पार्टी का प्रतीक ठधनुष और तीरठ एकनाथ शिंदे गुट को दिया जाएगा। एनसीपी प्रमुख ने ठाकरे से चुनाव आयोग के फैसले को स्वीकार करने और नया सिंबल लेने को कहा। शरद पवार ने कहा, ''यह चुनाव आयोग का फैसला है। एक बार फैसला हो जाने के बाद कोई चर्चा नहीं हो सकती। इसे स्वीकार करें और नया चुनाव चिह्न लें।'' शरद पवार ने कहा कि पुराने चुनाव चिह्न के चले जाने का कोई बड़ा असर नहीं होने वाला है क्योंकि लोग नए वाले को स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बस 15 दिनों कर ही चर्चा का विषय रहेगा बाद में सब भूल जाएंगे।

# विदेश भेजने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधडी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधडी करने वाला1 वांछित अभियुक्त अनुज सचान पुत्र कृष्ण सचान निवासी ग्राम घाटमपुर, थाना घाटमपुर, जिला कानपुर नगर वर्तमान पता फ्लैट नं0-006, टॉवर ए-2, सोसाइटी इकोविलेज-2, सुपरटेक, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन के पास सेक्टर-63 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सेक्टर-63 पर मु0अ0सं0 523/22 धारा 420/406/467/468/471/34 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्तगण, लोगों को विदेश भेजने व वीजा लगवाने के नाम पर पैसे लेते थे तथा उनके पासपोर्ट भी जमा करा लेते थे, दो-तीन महीने तक एक ऑफिस चलाकर बाद में पैसे व पासपोर्ट लेकर चले जाते थे तथा नई जगह ऑफिस खोल लेते थे। पूर्व में मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्ता प्राजली सचान को जेल भेजा जा चुका है।




# केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन पर मैहर में तैयार किया जा रहा नया हेलीपैड



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।**आगामी 24 फरवरी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी का मैहर आगमन होने जा रहा है। इस उपरांत देवी जी बंधा बेरियल के पास नए हेलीपैड का निर्माण कार्य किया जा रहा है।हेलीपैड का निरीक्षण करने पहुंचे मैहर एसडीएम धर्मेंद्र मिश्रा तहसीलदार मानवेंद्र सिंह एसडीओपी लोकेश डावर मैहर थाना टी आई अनिमेष द्विवेदी मैहर नगर पालिका सीएमओ रवि गुप्ता पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों सहित मैहर का तमाम अमला रहा मौजूद।

# लिस्टर मोईसनर इंडिया प्रा. लि. के श्रमिकों को सीटू के मार्गदर्शन में एकताबद्ध संघर्ष के बाद मिली जीत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** लिस्टर मोईसनर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एनएसईजेड नोएडा में पिछले कई माह से चल रहा श्रम विवाद पक्षों में आपसी कई दौर की वार्ताओं के बाद सहायक श्रम आयुक्त गौतम बुध नगर श्री सुभाष यादव के समक्ष सेक्टर- 3, नोएडा पर समझौता संपन्न हो गया। समझौते पर कम्पनी की ओर से



श्री जयशंकर झा कार्मिक निर्देशक, श्री रंजन कुमार सिंह प्रबंधक, श्री प्रवीण शर्मा लीगल एडवाइजर तथा श्रमिकों की ओर से गंगेश्वर दत्त शर्मा महामंत्री इंजीनियरिंग उद्योग कामगार यूनियन गौतम बुध नगर, रामसागर सीटू महासचिव गौतम बुध नगर, श्रमिक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, जगबीर, राम नवल, भरत, बद्रीश आदि ने हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार सभी कर्मचारियों को श्रम कानून के तहत मिलने वाली सभी विधिक सुविधाएं नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची, परिचय पत्र, लीव बुक, हाजरी कार्ड, कार्य के अनुसार पद व पद के अनुसार वेतन दिया जाएगा और अप्रैल 2023 से कुशल श्रमिक को ?-400, कुशल श्रमिक को ?-300, अकुशल श्रमिक को ?-250 की वेतन वृद्धि दी जाएगी तथा प्रदेश सरकार द्वारा जारी परिवर्तनीय महंगाई भत्ता का भुगतान प्रबंधक करते रहेंगे तथा नियमानुसार बोनस का भुगतान भी श्रमिकों को किया जाएगा। साथ ही श्रमिकों ने भी कम्पनी प्रबंधकों को अपनी पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया है। श्रमिक नेता गंगेश्वर दत्त ने कहा कि यह श्रमिकों के सीटू के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उनके एकताबद्ध संघर्ष का परिणाम है। जिसके लिए उन्होंने श्रमिकों को बधाई दी और उन्हें पूर्ण अनुशासन में रहकर उत्पादन कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित किया।

# नबम रेबिया फैसला पुनर्विचार के लिए बड़ी पीठ को भेजने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शिवसेना में विभाजन से जून, 2022 में उत्पन्न महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना नबम रेबिया फैसला पुनर्विचार के लिए सात सदस्यीय पीठ को भेजने



से इन्कार कर दिया। 2016 में अरुणाचल प्रदेश के नबम रेबिया मामले में फैसला सुनाते हुए पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा था कि विधानसभा स्पीकर सदन में अपने विरुद्ध रिमूवल का पूर्व नोटिस लंबित रहते हुए विधायकों की अयोग्यता याचिका पर फैसला नहीं कर सकता। नबम रेबिया फैसला एकनाथ शिंदे (महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री) के नेतृत्व में शिवसेना के विद्रोही विधायकों के लिए रक्षा कवच साबित हुआ। पार्टी के उद्धव ठाकरे गुट ने विद्रोही गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की थी, जबकि शिंदे गुट पहले ही उद्धव के प्रति निष्ठावान विधानसभा के डिप्टी स्पीकर नरहरि सीताराम जिरवाल को हटाने का नोटिस दे चुका था और वह सदन के समक्ष लंबित था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि नबम रेबिया फैसले को पुनर्विचार के लिए सात सदस्यीय पीठ को भेजा जाए या नहीं, इस पर अलग से विचार नहीं किया जा सकता। इस पर 21 फरवरी को मामले की मेरिट के साथ विचार किया जाएगा। पीठ में जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा भी शामिल हैं।उद्धव गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी ने नबम रेबिया मामले को बड़ी पीठ को भेजने की मांग की थी। शिंदे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों हरीश साल्वे और एनके कौल ने इस मांग का विरोध किया था। महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी फैसले को पुनर्विचार के लिए बड़ी पीठ को भेजने का विरोध किया था। शिवसेना में खुली बगावत के बाद महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था और सुप्रीम कोर्ट ने 29 जून, 2022 को राज्यपाल के उस निर्देश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था, जिसमें 31 माह पुरानी एमवीए सरकार को विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने के लिए कहा गया था। बहुमत परीक्षण से पहले ही मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया था। 23 अगस्त, 2022 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कानून के कई सवाल तैयार किए थे और शिवसेना के दोनों गुटों की ओर से दाखिल याचिकाएं पांच सदस्यीय संविधान पीठ को संदर्भित कर दी थीं। इन याचिकाओं में दलबदल, विलय और अयोग्यता से जुड़े कई संवैधानिक सवाल उठाए गए थे। पीठ का कहना था कि याचिकाओं में अयोग्यता, स्पीकर व राज्यपाल के अधिकार और न्यायिक समीक्षा से संबंधित संविधान के 10वें शेड्यूल से जुड़े महत्वपूर्ण संवैधानिक मुद्दे उठाए गए हैं। यह शेड्यूल राजनीतिक दल के निर्वाचित व नामित सदस्यों के दलबदल को रोकने से संबंधित है और इसमें इसके विरुद्ध कड़े प्रविधान हैं।

# शिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में उमड़े शिवभक्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देशभर में आज महाशिवरात्रि के अवसर पर



शिवालयों में भारी भीड़ नजर आ रही है। दिल्ली हो या अमृतसर लोग सुबह 5 बजे से ही लाइनों में लगकर भगवान की आराधना करने में लगे हैं। इस बीच उज्जैन में भी भस्म आरती की गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे। महाशिवरात्रि पर आज कई जगहों पर भगवान शिव की बारात भी निकाली जाएगी। पंजाब के अमृतसर स्थित 'शिवाला बाग भैया' मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने को मिल रही है। शिवरात्रि के इस अवसर पर पूजा अर्चना करने के लिए लोग मंदिरों में सुबह से ही लाइन में लगे हैं। महाशिवरात्रि के मद्देनजर गुजरात के धरमपुर में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। वहां 31 लाख रुद्राक्ष से बने 31.5 फीट लंबे शिवलिंग का आज अनावरण किया गया।

# विजयन ने की आरएसएस और जमात ए-इस्लामी की बैठक की आलोचना मांगा स्पष्टीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन नें ंएए के साथ बातचीत करने के लिए जमात-ए-इस्लामी की आलोचना की। शनिवार को एक बयान में विजयन ने कहा कि मतभेदों के बावजूद जमात-ए-



इस्लामी का यह रुख कि संघ परिवार के साथ चर्चा की जरूरत है, मुस्लिम संगठन के पाखंड को दर्शाता है। पिछले महीने दिल्ली में हुई जमात-ए-इस्लामी और आरएसएस के बीच हुई बातचीत पर निशाना साधते हुए विजयन ने कहा कि जमात-ए-इस्लामी नेतृत्व को स्पष्ट करना चाहिए कि आरएसएस के साथ क्या चर्चा हुई और बैठक की किस संबंध में की गई थी। जमात-ए-इस्लामी ने आरएसएस को लेकर यह तर्क दिया कि यह एक ऐसा संगठन है जिसे बातचीत के माध्यम से सुधारा और बदला जा सकता है। ठीक इसी तरह जैसे कि एक तेंदुए के प्रिंट को नहलाने से धोया जा सकता है।इससे भी अजीब बात यह है कि ठजमात-ए-इस्लामी ने यह तर्क दिया कि यह चर्चा देश के प्रशासन को नियंत्रित करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समक्ष भारतीय अल्पसंख्यकों की आम समस्याओं को प्रस्तुत करने के लिए आयोजित की गई थी केरल की सीएम ने दोनों की मुलाकात की कड़ी अलोचना की है। उन्होंने कहा कि ठजमात-ए-इस्लाम को अल्पसंख्यकों की रक्षा का पूर्ण अधिकार किसने दिया? उन्होंने कहा कि बैठक का विषय कुछ भी हो लेकिन यह देश के अल्पसंख्यकों की मदद करने के लिए नहीं है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मतलब धर्मनिरपेक्षता की सुरक्षा है। उन्होंने आगे कहा कि क्या ये आयोजक हैं जो नहीं जानते कि कौन व्यवधान डाल रहा है। अगर हम ऐसे लोगों से बातचीत करते हैं तो धर्मनिरपेक्षता और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे संभव हो सकती है पिनराई विजयन ने कहा कि देश में धर्मनिरपेक्ष समुदायठ आरएसएस की अति हिंदुत्व राजनीति के खिलाफ कड़ा संघर्ष कर रहा है।

# अखिल भारतबर्षीय ब्राह्मण महासभा ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित वेदगोपाल दत्त शर्मा , उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऐडवोकेट पंडित पीताम्बर शर्मा के निर्देशानुसार कृष्ण मुरारी चौधरी नोएडा महानगर अध्यक्ष ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम धर्मेंद्र सिंह (सिटी मजिस्ट्रेट नॉएडा ) को ज्ञापन सौपा । पवित्र धर्म ग्रंथ राम चरित मानस व ब्राह्मण समाज के प्रति गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देने पर ब्राह्मण समाज को घोर आपत्ति है। आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा ब्राह्मण समाज को टारगेट करना निंदनीय है । हम सभी ब्राह्मण समाज के लोग मिलकर इसका पुरजोर विरोध करेंगे। भगवान उनको सद्धुद्दी दे।इस मौके पर हमारे सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और शांतिपूर्ण ज्ञापन सौपा गया इस मौके पर विजय सिंह, बृजेश पंडित , सौरभ शर्मा, पंडित अवकाश मिश्रा, राजेश राय, डॉ अशोक सिंह, जयशंकर सिंह, विवेक कुमार अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# मध्य प्रदेश में बनी 4 लाख किलोमीटर सड़कें -प्रभारी मंत्री मध्यप्रदेश में हो रहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल ।** 25 हजार मेगावॉट बिजली का उत्पादन -प्रभारी मंत्री रीवा सोलर प्लांट बिजली से चलती है दिल्ली की मेट्रो ट्रेन -प्रभारी मंत्री प्रभारी मंत्री ने खड्डा में 1 करोड़ रुपए की लागत से खेल मैदान बनाने की, की घोषणा प्रभारी मंत्री ने 34 ग्राम पंचायतों में लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नल जल योजनाओ की रखी आधारशिला शहडोल 17 फरवरी 2023 - शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राम खेलावन पटेल ने कहा है कि वर्ष 2003 के पहले मध्य



प्रदेश की सड़के काफी जर्जर थी खस्ता हालत सड़कों के कारण मध्य प्रदेश का विकास अवरुद्ध था वर्ष 2003 में हमारी सरकार बनने के बाद मध्य प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया गया, मध्य प्रदेश के गांव, शहरों और कस्बों में बेहतर सड़कें बनाई गई। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में लगभग 4 लाख किलोमीटर सड़कों का जाल बिछाया गया है। जिससे प्रदेश के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिली है, मध्यप्रदेश में व्यापार बड़ा है इससे मध्य प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कभी सिर्फ 2 घंटे बिजली मिलती थी, आज मध्य प्रदेश में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। मध्यप्रदेश में 25 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है जिसमें 17 हजार मेगावाट बिजली मध्य प्रदेश खर्च कर रहा है तथा 8 हजार मेगावाट बिजली अन्य राज्यों को मध्य प्रदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि रीवा सोलर प्लांट से बनने वाली बिजली से दिल्ली की मेट्रो ट्रेन चल रही है। मध्यप्रदेश के ओमकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे मध्य प्रदेश के लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध होगी। प्रभारी मंत्री श्री राम खेलावन पटेल आज शहडोल जिले की व्यवहारी तहसील के ग्राम पंचायत खड्डा में विकास यात्रा के दौरान आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के किसानों को बेहतर सुविधा मुहैया होने के कारण मध्य प्रदेश में कृषि उत्पादन बढ़ा है। करने में मध्यप्रदेश को लगातार सातवीं बार कृषि कर्मण पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि आय को दुगनी करने के लिए किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है, धान का समर्थन मूल्य 2040 रुपए प्रति क्विंटल दिया गया। वहीं प्रदेश में सिंचाई की सुविधा बढ़ने के कारण 90ज्ञ् कृषि क्षेत्र में खरीफ व रबी की फसल लगाई जा रही है। प्रभारी मंत्री श्री राम खेलावन पटेल ने ग्राम पंचायत खड्डा में एक करोड रुपए की लागत से खेल मैदान बनाने की घोषणा की है। प्रभारी मंत्री ने व्यवहारी ग्राम के 34 ग्राम पंचायतों में लगभग 300 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नल जल योजनाओं की आधारशिला रखी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में 45 लाख बहनों को सहायता समूह से जोड़ा गया है। प्रदेश की बहनों को सहायता समूह से जोड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में लाडली लक्ष्मी योजना की सफलता के बाद लाडली बहना योजना प्रारंभ की गई है। लाडली बहना योजना हेतु 8 मार्च 2023 से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना एक अभिनव योजना है इस योजना के अंतर्गत देश के 15 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया है मध्य प्रदेश में लगभग 3 करोड़ 47 लाख लोगों को आयुष्मान कार्डों का वितरण किया गया है तथा आयुष्मान कार्ड बनाने में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। इस अवसर पर व्यवहारी विधायक श्री शरद कोल ने कहा कि सभी लोग अपने दायित्व का निर्वहन करें और देश के विकास में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि जिस घर में बेटा पैदा होता है वह भाग्यशाली होता है और जिसके यहां बेटियां पैदा होती हैं वह सौभाग्यशाली होता है। बेटियों को सौभाग्यशाली बनाने का कार्य मध्य प्रदेश सरकार कर रही है। मध्य प्रदेश लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजना जैसे अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है इससे मध्य प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक उत्थान होगा और महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ेगी इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# रूस से भारत की तेल खरीद पर अमेरिका को आपत्ति नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रूस से कच्चे तेल की खरीद की भारत की नीति पर अमेरिका को कोई आपत्ति नहीं है।



भारत अमेरिका का खास सहयोगी है और बना रहेगा। यह बात अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ज्योफ्रे आर पाएट ने कही है। यूक्रेन युद्ध के एक वर्ष के दौरान रूस से भारत की तेल खरीद पर अमेरिका की ओर से पहली बार इतना स्पष्ट बयान आया है। रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करने की अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने बीते एक वर्ष में हर संभव कोशिश की है। इसके तहत भारत को रूस से तेल खरीदने से रोकने के लिए भी दबाव बनाया गया। लेकिन मोदी सरकार ने दबाव को नकारते हुए रियायती दर पर रूस से तेल की खरीद जारी रखी। इस समय प्रतिदिन करीब 12 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद रूस से हो रही है। लेकिन अब अमेरिका ने भारत की नीति को लेकर कोई विरोधाभास न होने की बात कही है। अमेरिका के ऊर्जा मामलों के सहायक विदेश मंत्री पाएट ने विशेष बातचीत में कहा, भारत जी 7 की नीतियों के अनुरूप ही कार्य कर रहा है। वह रूस से सस्ती दर पर तेल खरीदकर उसके तेल से होने वाले आर्थिक लाभ को कम कर रहा है। इससे रूस का राजस्व कम हो रहा है और उसके खजाने पर असर पड़ रहा है। भारत और रूस के बीच रुपये-रूबल में भुगतान वाले कारोबार को बढ़ावा देने पर अमेरिका क्या भारतीय बैंकों पर प्रतिबंध लगा सकता है इस सवाल के जवाब में पाएट ने कहा, अभी इस तरह की आशंका नहीं जताई जानी चाहिए। अमेरिका का उद्देश्य केवल रूस को दंडित करना है। उन्होंने कहा, ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भारत की जो नीति है उससे अमेरिका को कोई कठिनाई नहीं है। बता दें कि भारतीय कंपनियां रूस के साथ काफी मोलभाव करके सस्ता कच्चा तेल खरीद रही हैं। इसके बाद वे उसका शोधन कर उसे विश्व बाजार में बेच रही हैं। इससे बाजार में मूल्य को लेकर प्रतियोगिता बनी हुई है और भारतीय कंपनियों को अच्छा मुनाफा भी मिल रहा है।

# कर्ज में डूबे अफ्रीकी देशों से जबरन ज्यादा ब्याज वसूला जा रहा है

**अबाबा।** भारी कर्ज में डूबे अफ्रीकी देशों को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली से अच्छा सौदा नहीं मिल रहा है और उनसे जबरन ज्यादा ब्याज दर वसूली जा रही है। यह बात



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को कही। वह इथियोपिया में वार्षिक अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र प्रमुख विकासशील देशों की जरूरतों को अधिक कुशलता से पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त की संरचना में दूरगामी सुधार चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, हमें एक नए ऋण ढांचे की जरूरत है, जो कमजोर देशों को ऋण राहत और पुनर्गठन दे सकें। वैश्विक वित्तीय प्रणाली नियमित रूप से विकासशील देशों को ऋण राहत और रियायती वित्तपोषण से इनकार करती हैं, जबकि जबरन ज्यादा ब्याज दरें वसूलती हैं। कोरोनो महामारी ने कई गरीब देशों को ऋण संकट में धकेल दिया है। दरअसल, उनसे अपेक्षा की गई थी कि वे अपने वित्त में भारी नुकसान के बावजूद अपने दायित्वों को पूरा करना जारी रखेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पिछले साल कहा था कि सब-सहारा अफ्रीका में सार्वजनिक ऋण अनुपात दो दशकों से अधिक समय में अपने उच्चतम स्तर पर है। इथियोपिया सहित महाद्वीप की सरकारों ने आईएमएफ कार्यक्रम के तहत ऋण पुनर्गठन सौदों की मांग की, ताकि उन्हें संकट से निपटने में मदद मिल सके। मगर, प्रक्रिया के समापन में देरी हुई है। केन्या जैसे कुछ अन्य देशों ने जिन्होंने अपने ऋण के पुनर्गठन की मांग नहीं की है।

# रोमांच पर भारी भव्यता कैसी है अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर की वेब सीरीज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर अभिनीत वेब सीरीज द नाइट मैनेजर रिलीज हो गयी है। यह ब्रिटिश सीरीज का भारतीय रूपांतरण है, जिसमें मारवल स्टूडियोज की सुपरहीरो फिल्मों में लोकी का किरदार निभाते रहे टॉम हिडल्टेन मुख्य भूमिका में थे। यह सीरीज दो पार्ट्स में रिलीज की जा रही है। फिलहाल चार एपिसोड्स की रिलीज किये हैं, जिनकी समयावधि औसतन 45 मिनट है। बाकी का हिस्सा जून में रिलीज किया जाएगा, जिसका प्री-कैप भारतीय इंटेलीजेंस एजेंसी की मदद से उसे बचाकर भारत भेजने की कोशिश करता है, मगर कामयाब नहीं हो पाता। फ्रेडी सफीना का कत्ल करवा देता है। यह अपराधबोध शान को कचोटता रहता है। कुछ वक्त बाद रिसर्च एडमिनिस्ट्रेशन विंग की अधिकारी लिपिका सैकिया राव के कंविंस करने पर शान शैलेंद्र सिंह रूंगटा के गिरोह में अंडरकवर शामिल होकर जासूसी करने लगता है। क्या शान अपने मकसद में कामयाब हो पाएगा क्या सफीना की मौत का बदल ले सकेगा क्या रूंगटा शान को पहले ही पकड़ लेगा? क्या शान रूंगटा के साम्राज्य कि वो सैकिया के कहने पर रूंगटा के गिरोह में शामिल हो जाता है। यहां भी उसे एक बच्चा ताहा मिलता है, जो रूंगटा का बेटा है और शान के मिशन का अहम किरदार। दूसरे एपिसोड से पकड़ पड़ी ढीली सीरीज की शुरुआत अच्छी है, मगर दूसरे एपिसोड के बाद यह पकड़ खो देती है। नाइट मैनेजर शान और शैलेंद्र रूंगटा की संयोगवश मुलाकात के दृश्य सीरीज प्रभावित करते हैं। कहानी का यह अहम हिस्सा भी है। श्रीलंका के निजी आइलैंड पर आलीशान बंगले में रह रहे रूंगटा और उसके साथियों की भाषा हिंदुस्तानी है, मगर उनका रहन-




आखिरी एपिसोड के साथ नत्थी किया गया है। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अडेप्टेड सीरीजों की लिस्ट काफी लम्बी है। क्रिमिनल जस्टिस से लेकर आउट ऑफ लव तक, ब्रिटिश धारावाहिकों के अडेप्टेशन हैं। इन सीरीजों को काफी सफलता मिली और दर्शकों ने इन्हें पसंद किया था। इस लिस्ट में अब द नाइट मैनेजर का नाम जुड़ गया है। स्पाइ सीरीज में जिस तरह के रोमांच का अनुभव होना चाहिए, वो नहीं होता। दूसरे विदेशी अडेप्टेशन की तरह यह सीरीज स्वाभाविक नहीं लगती। बनावटी होने का एहसास देती है। हालांकि, कहानी का प्रवाह, अभिनय और दृश्य का संयोजन इसे दर्शनीय जरूर बनाता है। शांतनु सेनगुप्ता या शान सेनगुप्ता नेवी का एक्स लेफ्टिनेंट है और ढाका के द ओरिएंट पर्ल होटल में नाइट मैनेजर है, यहां एक 14 साल की बच्ची सफीना उसे मदद मांगती है, जो होटल के मालिक फ्रेडी रहमान की पत्नी है। फ्रेडी सिर्फ होटल का मालिक नहीं, बल्कि अवैध हथियारों का कारोबा करने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का सदस्य है। सफीना से इस संबंध में सबूत मिलने के बाद शान सेनगुप्ता को खाक में मिला पाएगा इन सब सवालों के जवाब सीरीज के अगले हिस्से में मिलेंगे।द नाइट मैनेजर का स्क्रीनप्ले श्रीधर राघवन ने लिखा है, जो पठान के लेखक हैं। सीरीज की शुरुआत शान के पुलिस से बचने के दृश्यों से होती है। इसके बाद कहानी बांग्लादेश के ढाका शहर पहुंच जाती है, जहां के होटल में शान नाइट मैनेजर है। यहां रोहिंग्या मुसलमानों के विस्थापन के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं, जिसके चलते मेहमान होटल में कैद होकर गये हैं। शान को इनकी समस्याओं से निपटते हुए दिखाया गया है। इसी क्रम में उसकी मुलाकात सफीना से होती है। शान की बैकग्राउंड पर समय खर्च नहीं किया गया है। उसे कुछ बुरे सपने आते हैं, जिनका संबंध सेवा में रहते हुए किये गये एक ऑपरेशन से है। इस ऑपरेशन में शान बच्चों को नहीं बचा सका था। हालांकि, इसके विस्तार में जाने की कोशिश नहीं की गयी है, बस संवादों से काम चला लिया गया है। उसके अतीत का अपराधबोध सफीना के मरने के बाद उभरकर आता है। शान रूंगटा को इसके लिए जिम्मेदार मानता है। शायद यही वजह है सहन देखकर लगता है, जैसे मैक्सिको के किसी ड्रग कारटेल की फैमिली को देख रहे हैं। विदेशी फिल्मों और सीरीजों में ऐसे दृश्य दिखते रहे हैं। रूंगटा के बेटे को किडनैप करने वाला दृश्य इस स्पाइ स्टोरी का निर्णायक बिंदु है, मगर इसे बेहद हल्के ढंग से दिखाया गया। रूंगटा के घर पहुंचकर शान किस तरह जासूसी को अंजाम देता है, वो दृश्य दिलचस्प हैं। खासकर, आइलैंड से मेनलैंड पहुंचने पर लिपिका जिस तरह शान तक संदेश पहुंचाती है, वो मजेदार है।हल्का रहा रूंगटा का रंग शैलेंद्र रूंगटा के किरदार का खाका जिस तरह कागजों पर खींचा गया होगा, वैसे वो पर्दे पर उतर नहीं सका है। रूंगटा शिपिंग, माइनिंग और पेट्रोकैमिकल्स के बिजनेस में है। समाज सेवा भी करता है, मगर यह सिर्फ एक कवर है। उसका असली कारोबार अवैध हथियारों का है। फर्जी कम्पनियों के जरिए वो ये कारोबार चलाता है। बेहद पावरफुल है और सरकार के उच्चाधिकारी उसके लिए काम करते हैं। इसलिए, जब भी कोई एक्शन होने वाला होता है, शैली को पहले ही पता चल जाता है। सफीना की मौत भी ढाका में इनफॉर्मेशन लीक होने की वजह से हुई थी।

# टिकट के दाम कम होने पर फिर पठान देखना चाहते हैं शाहरुख, थिएटर में जाने के लिए रखी ये मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान स्टारर पठान ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार





छाप छोड़ी है। फिल्म बॉलीवुड की सबसे ब्लॉकबस्टर्स फिल्मों में से एक बन गई है। दुनियाभर में पठान ने 970 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। जिसके बाद फैंस के लिए यश राज फिल्म्स ने शुक्रवार को पठान डे सेलिब्रेट करते हुए टिकट के दाम कम करके 110 रुपए कर दिए हैं। अब ट्विटर पर एक फैन को रिप्लाई करते हुए शाहरुख ने टिकट के प्राइज कम होने पर इस फिल्म को फिर देखने की बात कही है। साथ ही शाहरुख ने फ्री पॉपकॉर्न भी मांगे हैं। शाहरुख के एक फैन ने ट्विटर पर पठान के टिकट का प्राइस 110 होने की खुशी जताते हुए ट्वीट किया, 'पठान के 17 फरवरी 2023 को सभी शोज 110 रुपए में'। फैन ने इस पोस्ट पर शाहरुख को भी टैग किया। जिसे शेयर करते हुए एक्टर ने इसके जवाब में लिखा, 'ओह.. ओह... अब तो फिर देखनी पड़ेगी। आपने कितनी अच्छी चीज की है थैंक्यूं। यशराज फिल्म्स क्या आप मेरे लिए फ्री पॉपकॉर्न भी अरेंज कर सकते हैं! नहीं' पठान की रिलीज के पहले से ही शाहरुख ट्विटर पर काफी एक्टिव रहने लगे हैं। शाहरुख बीच-बीच में अपने फैंस के साथ ट्विटर पर आस्क मी एनीथिंग सेशन भी करते हैं। इस दौरान उनके फैंस उनसे अपने सवाल करते हैं जिसे शेयर करते हुए शाहरुख उनके मजेदार जवाब देते हैं। बता दें कि पठान ने थिएटर्स में 19 दिनों से अपनी पकड़ बनाई हुई है। फिल्म अबतक वर्ल्डवाइड 970 करोड़ रुपए की ब्लॉकबस्टर कमाई करने के बाद भी थिएटर्स में अपने कदम जमाए हुए हैं।

# सेल्फी को प्रमोट करने द कपिल शर्मा शो पर नहीं जाएंगे अक्षय कुमार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** द कपिल शर्मा शो पर हर एक्टर अपनी फिल्म प्रमोट करना







चाहता है। शो की पॉपुलैरिटी फिल्म के प्रमोशन में मददगार साबित होती है, लेकिन अब लगता है कि कपिल शर्मा के शो को लेकर लोगों की राय बदल रही है। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार अक्षय कुमार, अपनी फिल्म सेल्फी को लेकर इस कॉमेडी शो में न जाने का मूड बना रहे हैं। पिछले दिनों मजाक ही मजाक में अक्षय कुमार ने कपिल शर्मा को बेवफा कह दिया था। तब अक्षय और कपिल के बीच मनमुटाव की भी खबरें आईं थीं। अब लगता है कि फिर से इनके दरमियां कुछ खटास आ गई है, या फिर कुछ और वजह है कपिल शर्मा के शो पर जाकर फिल्म को ना प्रमोट करने की। इसके पीछे की वजह केआरके का एक ट्वीट भी हो सकता है। केआरके ने एक ट्वीट करते हुए लिखा- आखिरकार अक्षय कुमार ने द कपिल शर्मा शो पर सेल्फी को प्रमोट न करने का फैसला करते अच्छा काम किया है। अक्की समझ गए कि द कपिल शर्मा शो, फिल्मों के लिए बड़ी पनौती है। दरअसल, पिछले महीने जब शाह रुख खान की पठान रिलीज हुई थी तो कमाल आर खान यानी केआरके ने इसे लेकर एक ट्वीट किया था।

# कौन हैं सपा नेता फहद अहमद, जिनसे स्वरा भास्कर ने की है शादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपनी शादी की खबर से सभी को चौंका दिया। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर कर





अपनी शादी की जानकारी दी। इसके साथ सभी को यह पता चल गया कि उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेता फहद अहमद से 6 फरवरी को शादी कर ली है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि उन्होंने कोर्ट मैरिज की है। इसके बाद उन्होंने अपने घरवालों को भी इस बारे में जानकारी दी है। वीडियो देखकर इस बात का भी पता चलता है कि कैसे इन दोनों की लव स्टोरी का की शुरुआत हुई है। फहद अहमद का नाम सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा है और लोग उनके बारे में जानना चाहते हैं कि वह कौन है दरअसल फहद अहमद एक पॉलिटिशन है और वह समाजवादी पार्टी के यूथ नेता है। इसके पहले उन्होंने कई प्रोटेस्ट और आंदोलनों में भी भाग लिया था। स्वरा भास्कर और फहद अहमद की मुलाकात जनवरी 2020 में एक प्रोटेस्ट के दौरान हुई थी। उन्होंने अपने वीडियो में इसकी झलकियां भी दी है। इसके बाद दोनों के लव स्टोरी का भी एंगल नजर आता है। दोनों एक-दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे है। दोनों को कई लोगों ने बधाई दी है। खास बात यह है कि फहद अहमद स्वरा भास्कर से 4 साल छोटे हैं। स्वरा भास्कर हाल ही में फिल्म 'जहां चार यार' में नजर आई थी।

# हाल ही में लॉन्च हुई फिल्म छत्रीवाली पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लखनऊ भारत का सबसे बड़ा घरेलू वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हैए जिसने हाल ही में अपनी ओरिजिनल फिल्म श्छत्रीवालीश् रिलीज की है। श्छत्रीवालीश् रकुल प्रीत सिंह की वजह से सुर्खियों में हैए जो यौन शिक्षा और सुरक्षित सेक्स के इर्द.गिर्द होने वाली बातचीत को खत्म करने का जिम्मा अपने ऊपर पर लेती है। फिल्म भारतीय घरों और शिक्षा प्रणाली की वास्तविकता पर प्रकाश डालती है जहां लोग इन विषयों पर चर्चा करने से कतराते हैं और उन्हें वर्जित विषय मानते हैं। हालांकिए छत्रीवाली के साथए निर्माता इन बातचीत को सामान्य बनाने का प्रयास करते हैं और साथियोंए सहकर्मियोंए परिवारोंए जीवन.साथी और शिक्षा प्रणाली के लिए सेक्सए इतिहासए भूगोल और इसके जीव विज्ञान और सुरक्षित सेक्स के महत्व पर स्वतंत्र रूप से और खुले तौर पर चर्चा करने के लिए और अधिक सुरक्षित स्थानों को प्रोत्साहित करते हैं। बहुत उपदेशपूर्ण हुए बिनाए फिल्म एक टोन सेट करती है और हास्य और संवेदनशीलता के साथ संदेश देती है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करती है की कहानी मनोरंजक और परिवार के अनुकूल रहे। रकुल प्रीत सिंह ने कहाए श्मुझे बहुत खुशी है कि आखिरकार लखनऊ आने का मौका मिला। छत्रीवाली वह ड्रीम प्रोजेक्ट थाए जहां इसने सभी जरूरतों को पूरा किया है और हमारी कड़ी मेहनत रंग लाई क्योंकि यह फिल्म विशेष ध्यान और श्रेय की पात्र है। आज के पितृसत्तात्मक समाज में हर घर में एक ऐसी सान्या की जरूरत है जो सभी बाधाओंए सामाजिक मानदंडों और बाधाओं के खिलाफ अकेले दम पर लड़ने का साहस रखती हो। मुझे उम्मीद है कि यह किरदार दूसरों को असुरक्षित





सेक्स और प्रोटेक्शन का उपयोग न करने के कारण महिलाओं को होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के खिलाफ अपनी आवाज उठाने और बोलने के लिए प्रेरित करेगा। भारत की अधिकांश आबादी युवा हैं और उन्हें सुरक्षित सेक्स और यौन शिक्षा पर शिक्षित करना समय की जरूरत हैए इसलिए मुझे खुशी है कि छत्रीवाली प्रगतिशील और मनोरंजक तरीके से उनकी और बाकी सबकी देखभाल कर रही है। इस अपूर्व प्रोजेक्ट के पीछे अद्भुत टीम के लिए मेरे मन में सम्मान और केवल सम्मान है। इस फिल्म को तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने निर्देशित किया गया हैए डायरेक्ट.टू.डिजिटल फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और सुमीत व्यास मुख्य भूमिकाओं में हैं और सतीश कौशिकए डॉली अहलूवालियाए राजेश तैलंगए प्राची शाह पंड्या और रीवा अरोड़ा सहायक भूमिकाओं में हैं। रोनी स्क्रूवाला की रैत्च् मूवीज द्वारा निर्मित यह सोशल कॉमेडी समाज के रूढ़िवादी लोगों द्वारा बनाई गई यौन वर्जना के विषय पर एक बदलाव लेकर आती है और यौन शिक्षा और सुरक्षित यौन संबंधों के महत्व पर एक मजबूत संदेश देती है। छत्रीवालीश् विशेष रूप से म्म्5 पर स्ट्रीम हो रही है भारत का सबसे युवा ओटीटी प्लेटफॉर्म है और लाखों मनोरंजन चाहने वालों के लिए एक बहुभाषी कहानीकार है। म्म्5ए म्म् एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ग्म्म्स्द्ध का हिस्सा हैए जो एक वैश्विक कंटेंट पावरहाउस है। उपभोक्ताओं के लिए पसंद का एक निर्विवाद वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हैय यह 3ए500 से अधिक फिल्मों के कंटेंटए 1ए750 टीवी शोए 700 ओरिजिनल और 5 लाख से अधिक घंटे की ऑन. डिमांड कंटेंट की एक विस्तृत और विविध लाइब्रेरी प्रदान करता है। 12 भाषाओं यअंग्रेजीए हिंदीए बंगालीए मलयालमए तमिलए तेलुगुए कन्नड़ए मराठीए उड़ियाए भोजपुरीए गुजराती और पंजाबीद्ध में फैली कंटेंट की पेशकश में सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनलए भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मेंए टीवी शोए संगीत एकिड्स शोए एडटेकए सिनेप्लेए न्यूजए लाइव टीवी और हेल्थ एंड लाइफस्टाइल शामिल हैं।

# फ्लाइट में शिव ठाकरे पर आया एयर होस्टेस का दिल, बिग बॉस स्टार को दिया खास गिफ्ट, कहा- आई शपथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट शिव ठाकरे हारकर भी लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। शो में भले ही वो सेकेंड रनर अप रहे हो, लेकिन फैंस के लिए तो वो विनर हैं। बिग बॉस के बाद शिव की फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ रही हुए हैं। शिव ठाकरे हाल ही में मुंबई के लिए एक फ्लाइट पर सवार हुए। जहां एयर होस्टेस के रूप में उन्हें एक फैन मिल गई। शिव को सामने देखकर एयर होस्टेस इतनी खुश हुई कि उन्होंने अपने स्टार के लिए एक खास नोट लिख डाला। शिव को मिले इस नोट में फैन ने उनके मैं और मेरी मां आपके फैन हैं। हम आपको प्यार करते हैं। बिग बॉस 16 से बाहर आने के बाद शिव ठाकरे अपने घर गए, जहां उनका ग्रैंड वेलकम हुआ। शिव ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता








है, खासकर फीमेल फैन फॉलोइंग। वैलेंटाइन डे पर सोशल मीडिया पर कई लड़कियों ने उन्हें डेट करने की इच्छा जताई थी। अब शिव ठाकरे पर एक एयर होस्टेस का दिल आ गया और उन्होंने बिग बॉस स्टार को एक स्पेशल गिफ्ट भी दिया है। इस खबर के सामने आने के बाद शिव एक बार फिर चर्चा में छाए लिए प्यार भरा मैसेज लिखा और मराठी में उनके लिए एक लाइन भी लिखी। फैन ने कहा, मैं आपकी प्रशंसा करती हूं, मैं आपकी इज्जत करती हूं, आपसे दोबारा मिलकर मैं खुश हूं और एक बार फिर देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं। आई शपथ। आपको ढेर सारा प्यार, और हां है कि शिव के चाहने वालों ने ढोल- नगाड़ों के साथ शानदार तरीके से उनका होम टाउन में स्वागत किया। शिव ठाकरे ने बिग बॉस 16 के पूरे सीजन में फैंस को खूब एंटरटेन किया। हालांकि, फिनाले में पहुंचकर भी वो जीतने से चूक गए। एमसी स्टैन विनर बने तो वहीं, शिव ठाकरे सेकेंड रनरअप रहे।

# रिसेप्शन में काली साड़ी वाली लड़की संग सिद्धार्थ मल्होत्रा ने किया कोजी डांस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी काफी चर्चा में रही थी। दोनों ने इसी महीने 7 फरवरी, 2023 को जैसलमेर, राजस्थान में सात





फेरे लिए थे। इसके बाद कपल ने मुंबई के सेंट रेजिस होटल में ग्रैंड रिसेप्शन दिया था। इस पार्टी में बी-टाउन के तमाम बड़े सितारों ने शिरकत की थी और जमकर डांस किया था। वहीं, अब रिसेप्शन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक महिला सिद्धार्थ के साथ जबरदस्त डांस करती नजर आ रही है, लेकिन उसे अभी तक कोई पहचान नहीं पाया। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के रिसेप्शन पार्टी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक काली साड़ी पहने एक लड़की काफी चर्चा में बनी हुई है। काली साड़ी वाली लड़की सिद्धार्थ और उनके परिवार के साथ कियारा के गाने 'बुर्ज खलीफा' पर जबरदस्त डांस करती नजर आ रही है। इस लड़की के डांस स्टेप काफी जबरदस्त हैं। वहीं, सिद्धार्थ उसे देखकर स्माइल करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर हर कोई जानना चाहता है कि आखिर ये काली साड़ी वाली लड़की कौन है पार्टी में डांस कर रही इस लड़की का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो पर यूजर्स के जमकर कमेंट आ रहे हैं। हालांकि, वीडियो में उस लड़की का चेहरा तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन, उनकी बैक दिख रहा है। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'आखिर काली साड़ी में ये मोहतरमा हैं कौन!' वहीं, एक दूसरा यूजर लिखता है, 'काली साड़ी वाली लड़की बहुत अच्छा डांस कर रही है।' एक और ने लिखाता है, 'ब्लैक साड़ी वाली मोहतरमा के साथ सिद्धार्थ काफी खुश नजर आ रहे हैं।

# शैलेश लोढ़ा ने असित मोदी के जवाब पर किया पलटवार, तारक मेहता ने इशारों में मेकर्स को कहा 'झूठा'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा आजकल अपनी स्टोरी लाइन की वजह से नहीं बल्कि किरदारों के छोड़कर जाने को लेकर ज्यादा खबरों



में है। हाल ही में शो के पुराने मेहता साहब यानी शैलेश लोढ़ा ने मेकर्स पर आरोप लगाया कि उन्हें अभी तक बकाया राशि नहीं चुकाई गई है। इस पर असित मोदी ने पलटकर जवाब दिया और कहा कि वो किसी के पैसे नहीं रखते। शैलेश लोढ़ा ने अब अपनी एक नई तस्वीर शेयर की है और इसके कैप्शन में कुछ ऐसा लिखा है जिसके बाद लोगों को लग रहा कि हो ना हो ये असित मोदी के लिए ही लिखा गया है। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'बहुत दिनों से कोई चुटकुला नहीं सुना फिर तेरे झूठ सुने ,तो लतीफे भी मुस्कुरा उठे' लोग इस पोस्ट पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- 'मुझे पता है सर आप किनकी बात कर रहे है आप ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा का में मेहता साहब का किरदार जो निभाया है ना वो कोई भी आ जाए आप जैसे नहीं बन पाएगा और आप अपनी बात पर सदा कायम रहते है ये हम जैसे आपके फैंस जानते हैं याद दिला दें कि कुछ दिनों पहले ही शो में नए टप्पू की एंट्री हुई है। मीडिया से जब असित मोदी ने नए टप्पू को मिलवाया तो उनके सारे सवालों के जवाब भी दिए। एक्टर्स की फीस न देने के विवाद पर जब असित मोदी से सवाल किया तो उन्होंने कहा- जो भी बातें कही जा रही हैं कि हमने पैसे नहीं दिए या कुछ ऐसा कुछ है कि नहीं। असित मोदी ने आगे कहा- मैं किसी की मेहनत के पैसे अपनी जेब में रखकर क्या करूंगा भगवान ने मुझे सब कुछ दिया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।